हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव



## खबर संक्षेप

### स्मृति में न्योता भोज का आयोजन



**जेवरतला रोड।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चेन्दरीबन नवागाँव में स्व. मोहित कुमार देवांगन की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी जितनबाई देवांगन, बेटी पूर्णिमा देवांगन, दामाद अशोक देवांगन, मोनिया देवांगन ने न्योता भोज के तहत शाला के 204 बच्चों को खीर, पुरी, चना रोस्ट खिलाया। इस अवसर पर प्रधानपाठक कोमलचंद आर्य, चन्द्रभूषण साहू, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, बसंत साहू, चैनसिंह साहू, चैतन्य देवांगन, कविता ठाकुर, मोनिका ठाकुर, दीप्ति शेण्डे, हेमलता देवांगन, राधिका देवांगन उपस्थित थे।

### जिपं अध्यक्ष ने सीएम को सौंपा मांग पत्र



**छुरिया।** सड़क, पुल- पुलिया, स्वास्थ्य केंद्र, सीसी सडक निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों की मांगों को लेकर गत 15 सितंबर को जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर मांग पत्र सौंपा। उन्होंने छुरिया से गैंदाटोला सड़क, बैरागीभेडी से भोलापुर, महाराजपुर से बरेठटोला, गोडलवाही से उमरवाही, कुर्मदा कल्लूबंजारी गैंदाटोला, गहिराभेडी जोशीलमती दाउटोला, गुंडरदेही से उमरवाही, पेण्ड्रीडीह से खोभा, महराजपुर से रामपुर मार्ग निर्माण की मांग की है। भोलापुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, भोलापुर के वार्ड 2 में सीसी रोड की मांग रखा है। इस दौरान जिला भाजपा महामंत्री रविंद्र वैष्णव, शिशुपाल साहू, भुखन धनकर उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय योगासन में पूर्वी का शानदार प्रदर्शन



**अंबागढ़ चौकी।** अग्रसेन भवन भिलाई में गत दिनों छठवीं राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप का आयोजन सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस स्पर्धा में 32 राज्यों के लगभग 1100 खिलाड़ी एवं 100 जजों ने भाग लिया। स्पर्धा में कौड़ीकसा की पूर्वी कोर्राम ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए सीनियर सुपाईन इवेंट में शानदार प्रदर्शन किया। वह मात्र 0.92 अंक के कारण फाइनल राउंड में मेडल लेने से चूक गई। उसे पांचवा स्थान प्राप्त हुआ। पूर्वी को जिला योगासन स्पोर्ट्स के अध्यक्ष अशोक साहू, जीआर साव, ऐश्वर्यराज, लक्ष्मी कोर्राम, अशोक वर्मा, डॉ. रंजन साहू, रामगोपाल शर्मा, भरतलाल निकोड़े, रामेंद्र तिवारी, डीके राम, बल्दूराम यादव, संपतलाल छेदैया, ममता देवांगन ने बधाई दी है।

### शराब कोचिया पकड़ाया



**डोंगरगढ़।** शराब कोचियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी उपेन्द्र शाह के निर्देशन में पुलिस ने 18 सितंबर को बधियाटोला में दीपक सेन पिता हरि राम सेन निवासी बंगाली पारा डोंगरगढ़ को बिना नंबर प्लेट वाली स्कूटी की डिक्की मे शराब भरकर डोंगरगढ की ओर ले जाते पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 11 पौवा शोले देशी प्लेन, 6 पौवा शोले देशी मशाला बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है। इसी प्रकार 17 सितंबर को वाहन चेकिंग के दौरान बुलेट वाहन क्रमांक सीजी 07 ए जेड 9022 के सोमनाथ मंडावी पिता रधुवीरसिंह मंडावी निवासी राजकट्टा को साइलेंसर को मोडिफाइ कराकर ध्वनि प्रदूषण फैलाते पकड़ा गया। आरोपी के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 182-क (4) के तहत कार्रवाई करते हुए पांच हजार समन शुल्क लिया गया।

### यातायात नियम की ली जानकारी



**डोंगरगढ़।** विश्व ड्राइवर दिवस के मौके पर बोरतालाव थाना प्रभारी अवनीश श्रीवास के सानिध्य में वाहन चालक संगठन के अध्यक विजय साहू, राजू पगरवार के मार्गदर्शन में पिताम्बर प्रसाद पैकरा, वेदप्रकाश रत्नाकर, गौतमसिंह ठाकुर, जलेश्वर मंडावी को श्रीफल गमछा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान चालकों ने यातायात नियमों की जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर निखिल वर्मा, गोविंद, डीकेंद्र बाघमारे, निलेश मोहले, लक्ष्मीकांत सहारे, तोरण साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### जयंती समारोह का रंगारंग शुभारंभ



**डोंगरगढ़।** अग्रवाल समाज के संस्थापक महाराजा अग्रसेन जयंती की शुरूवात ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मुख्य अतिथि मधुसूदन अग्रवाल थे। अध्यक्षता श्यामसुंदर नरेडी ने की। विशिष्ट अतिथि अभिषेक अग्रवाल, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण अग्रलाव, मंत्री महेन्द्र अग्रवाल थे। स्वागताध्यक्ष रितेश पचेरीवाल ने मां लक्ष्मी और महाराज अग्रसेन की पूजा अर्चना कर पताका फहराया। जयंती समारोह का समापन आगामी 22 सितंबर को शोभायात्रा एवं समाजिक संगोष्ठी के साथ होगा। शुभारंभ के मौके पर अतिथियों ने सामजिक एकता, धर्मिक परिवेश और समाज की उन्नति पर अपने विचार रखें। अंत में सुंदर कांड का पाठ किया गया। कार्यक्रम में सिद्धगोपाल नरेडी, सौरभ पचेरी, नेमीस अग्रवाल, मयुर बिंदल, शुभम अग्रवाल, अंश पचेरी, गोवर्धन अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, रितू अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, संध्या नरेडी, आयुशी नरेडी सहित अन्य उपस्थित थे।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर जिलेभर में सेवा गतिविधियों का आयोजन

# सेवा पखवाड़ा में युवाओं ने किया ब्लड डोनेट







हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर बालाजी ब्लड बैंक राजनांदगांव के सहयोग से स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस दौरान युवाओं को हेलमेट के उपयोग की जानकारी दी गई। रक्तदाताओं को निः शुल्क हेलमेट दिया गया। शिविर में 46 यूनिट रक्तदान किया गया। इस दौरान प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सुरेन्द्र सिंह बन्नोआना, महेन्द्रभाई पटेल, रमन डोंगरे, उमा महेश वर्मा, जस्मितसिंह बन्नोआना, विनित यादव, विनय बंसल, भागवत नामदेव, तरूण हत्थेल, परविंदरसिंह मोंटी, शुभम परिहार, विजेन्द्र ठाकुर, मधुसूदन अग्रवाल, अंचला ठाकुर, अनिल पांडे, रेखा रार्घोते, विरेन्द्र सोनी, रामकुमार डडसेना, सुमित मिश्रा, नागेन्द्र परिहार सहित अन्य मौजूद थे।

### स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर आज

सेवा पखवाड़ा अंतर्गत कल 20 सितंबर को नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में खंड स्तरीय स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग डोंगरगढ़ द्वारा किया गया है। शिविर में जिला एवं प्रदेश के विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध रहकर बीमारियों की जांच कर दवाई प्रदान करेंगे। रक्तदाताओं को आयोजन समिति द्वारा हेलमेट प्रदान किया जाएगा। इस दौरान सासंद संतोष पांडेय, विधायक दलेश्वर साहू, हर्षिता स्वामी बघेल, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, सचिन बघेल, भरत वर्मा, किरण साहू, सौरभ कोठारी, रविन्द्र वैष्णव, खेदूराम साहु, विनोद खांडेकर, दिनेश गांधी, जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा, हीराराम वर्मा, प्रशांत कोड़ापे, किरण बारले, अनिता मंडावी आदि उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति के संरक्षक देवेन्द्र साहु, अध्यक्ष डॉ सुचिता श्रीवास्तव, संयोजक मनोज कांडे, हेमलाल वर्मा एवं सह संयोजक छबिधर साहु ने सभी से शिविर में शामिल होने का आव्हान किया है।

### छात्राओं को दी उपयोगी जानकारियां

**अर्जुनी।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत 19 सितंबर को स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.अंजना ठाकुर के निर्देशन में महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. मधु बंछोर थी। उन्होंने छात्राओं को माहवारी पर पीसीओडी से संबंधित जानकारी दी। छात्राओं को माहवारी के दौरान होने वाली परेशानियों को सुलझाया। विद्यार्थियों को आमलकी स्वस्थ्य चूर्ण, लोहासव, महानारायणी तेल, नारायण तेल, नव्यास लौह चूर्ण आदि का वितरण किया। संचालन एवं समापन अतिथि ग्रंथपाल हिमानी साहू ने किया।

### हास्पिटल परिसर में पौधरोपण

**मुरमुंदा।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामाटोला में पौधरोपण किया गया। पौधरोपण के दौरान प्रेम देवांगन, कृष्णाराम साहू, जगदीश देवांगन, देवेंद्र कुमार, एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का स्टाफ उपस्थित था।

### कॉलेज में रक्तदान शिविर 22 को

**ठेलकाडीह।** सेवा पखवाड़ा के तहत संत गुरू घासीदास बाबा नवीन महाविद्यालय, ठेलकाडीह में आगामी 22 सितंबर को को प्रातः 10 बजे प्राचार्य एके श्रीवास्तव के निर्देशन में रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया है। शिविर में छात्र-छात्राएं स्वैच्छिक रक्तदान करेंगे। शिविर का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड क्रास सोसायटी एवं जिला ब्लड बैंक राजनांदगांव के सहयोग से किया गया है।

### मोहला में मैराथन दौड़ आज

**मोहला।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग ने नशा मुक्त भारत थीम पर मैराथन दौड़ का आयोजन किया है। मैराथन दौड़ कल 20 सितंबर को प्रातः 8 बजे फव्वारा चौक मोहला से प्रारंभ होगी। मैराथन में प्रथम से दसवा स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## पीएटी में छह का चयन




**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ के कृषि संकाय के 6 छात्रों का चयन उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय में प्रवेश के लिए हुआ है। चयनित छात्रों में मेघराज चंद्रवंशी, मानसी डडसेना, योगेश्वरी रावटे, चंदन साहू, अजय साहू, प्रियंका सिन्हा शामिल हैं। चयनित छात्रों को प्राचार्य प्रकाश यादव, जागेश्वर निषाद, प्रदीप सिन्हा, सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, वीरसिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवीसिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते, ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिन्हा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीगेश साहू, गणेश वर्मा, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी भिवगढ़े, कौशल्या वर्मा, प्रीति वाला वैष्णव आदि ने बधाई दी है।

## टेंडर के पहले मीनाबाजार को अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

### खुलासे के बाद कार्रवाई नहीं



नवरात्र के दौरान लगने वाले मीनाबाजार के टेंडर में गड़बड़ी करने का मामला सामने आया है। उल्लेखनीय है कि 15 दिन पहले बिना टेंडर प्रक्रिया होने के मीनाबाजार संचालक को मेला की जगह पर सामान रखवा दिया था।

मामले के खुलासे के बाद पालिका ने आनन फानन में नोटिस जारी किया वहीं मीनाबाजार संचालक सामग्री लेकर फरार हो गया था।

नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष तरूण हत्थेल ने मीनाबाजार शुल्क को 20 से 30 रूपया निर्धारित करने आवेदन दिया है। आवेदन के बाद पालिका अधिकारी, अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, संसद प्रतिनिधि तरूण हत्थेल, पीआईसी के मेंबर सहित कुछ पार्षदों की उपस्थिति में मीनाबाजार संचालक की बैठक बुलाई गई। बैठक में मीना बाजार संचालक ने बेहतर मनोरंजन सामग्री और बेहतर व्यवस्था के साथ 30 रूपए शुल्क रखे की बात कहा।

#### टेंडर के पहले अनुमति

जानकारी के अनुसार नगर पालिका अधिकारी ने 18 तारीख को शाम 5 बजे खुलने वाले टेंडर के 2 दिन पहले ही मीनाबाजार संचालक तैयारी करने की अनुमति दे दी थी। कथित अनुमति मिलने के बाद देर रात तक तैयारी कर लिया गया था। बताया जा रहा है कि लगभग 15 लाख तक जाने वाले मीनाबाजार को जनप्रतिनिधियों के दबाव में 4 से 5 लाख में दे दिया गया। यह मामला सामने आने के बाद भी अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं मिला।

## शिवनाथ साहित्य धारा ने मनाया स्थापना दिवस

# झन्नाटा तुंहर द्वार का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



माँ कर्मा भवन मटिया में शिवनाथ साहित्य धारा ने 12 वाँ स्थापना मनाया। इस मौके पर पुस्तक विमोचन, साहित्यिक सम्मान और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कथाकार परदेशीराम वर्मा थे। अध्यक्षता व्यंगकार विनोद साव ने की। विशिष्ट अतिथि प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष नीरेंद्र साहू, कुबेरसिंह साहू, अरुण निगम थे। कार्यक्रम में महेंद्र बघेल कृत व्यंग्य संग्रह झन्नाटा तुंहर द्वार का विमोचन किया गया।

मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना और राजकीय गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। शिवनाथ साहित्य धारा के अध्यक्ष महेन्द्र बघेल ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए साहित्यिक अवदानों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इसके पश्चात महेंद्र की बहुप्रतीक्षित व्यंग्य संग्रह झन्नाटा तुंहर द्वार का विमोचन हुआ। पुस्तक के परिचयात्मक चर्चा के क्रम में साहित्यकार श्री निगम ने कहा कि कवि गद्य लेखन में निष्णात नहीं होते किन्तु महेंद्र ने इस भ्रम को झन्नाटा तुंहर द्वार लिखकर तोड़ा है। साहित्यकार बलदाऊ राम साहू ने कहा कि व्यंग्य एक तुतारी है जिसके माध्यम से समाज को सुधारने का प्रयास किया गया है। साहित्यकार थान सिंह वर्मा ने कहा कि महेंद्र ने दुनिया और भारतीय समाज की समस्याओं को केंद्र में रखकर व्यंग्य प्रस्तुत किया है इसलिए यह पठनीय है। व्यंग्य संग्रह की भूमिका कुबेर साहू ने पेश किया।

मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने कहा कि व्यवस्था में पूंजीवादी सरकार हो या कोई और किन्तु पता नहीं यह साहित्यकारों को बढ़ते हुए क्यों नहीं देख पाते, शायद इसीलिए छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष पद को समाप्त कर दिया गया है। अध्यक्षीय उद्बोधन में व्यंग्यकार विनोद साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ी व्यंग्यों में सेंस ऑफ ह्यूमर बहुत तगड़ा होता है। सांप भी मर जाए और लाठी भी ना टूटे की तर्ज पर इसे नाचा में आसानी से देखा-समझा जा सकता है।

#### कवियों ने किया काव्यपाठ

तृतीय सत्र में उपस्थित कवियों ने काव्य पाठ किया। इस कार्यक्रम में साकेत साहित्य परिषद सुरगी, वनांचल साहित्य समिति मोहला, भोरमदेव साहित्य परिषद कबीरधाम, कलमकार मंच भिलाई, पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा, प्रेरणा साहित्य समिति बालोद, मधुर साहित्य समिति बालोद, खुमान साव संगीत अकैडमी दुर्ग से जुड़े साहित्यकारों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सचिव मनीष साहू, कोषाध्यक्ष अनिल कसेर और प्रचार सचिव धनराज साहू जुटे थे। अंत में अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा ने आभार व्यक्त किया।

#### साहित्यकारों का सम्मान

दूसरे सत्र में व्यंग्यकार वीरेंद्र तिवारी को शिवनाथ सृजन सम्मान, समीक्षक के रूप में साहित्यकार थान सिंह वर्मा को शिवनाथ साहित्य धारा सम्मान और बाल साहित्यकार के रूप में दुर्ग के बलदाऊ राम साहू को तिलोक साहू स्मृति बनिहार सम्मान से नवाजा गया।

## स्वास्थ्य एवं पोषण पर जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को स्वास्थ्य एवं पोषण पर जागरूकता कार्यक्रम नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर ने किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार एवं पोषण माह अभियान पर विविध गतिविधियाँ हुईं। प्रतिभागियों ने योग, प्राणायाम और शपथ ग्रहण कर महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कलचुरी, आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ शोबी खान, डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर, खेल अधिकारी राव, राकेश अग्रवाल, विनय बंसल, गोपाल महोबिया, संदीप पचेरीवाला, नितिन पचेरीवाला, आनंद मिश्रा, अविनाश सोनी, अब्दुल नजीर, कय्यूम भाई, विकास सहारे, मनोज गुप्ता, कैलाश, सुमीत पोद्दार, भुनेश्वर वैष्णव आदि शामिल हुए।

### जैतखाम का भूमिपूजन आज

**जालबांधा।** छत्तीसगढ़ सरकार में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का मंत्री बनने के बाद आज 20 सितम्बर को प्रथम आगमन पवनतरा जालबांधा में हो रहा है। इस दौरान ग्राम में जैतखाम का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित है। इस दौरान ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी सरपंच राजेन्द्र वर्मा ने दी।

## नवरात्रि की तैयारियां जोरों पर



**खड़गांव।** नवरात्र पर्व को लेकर व्यापारी संघ द्वारा बस स्टैंड के समीप भव्य रूप में माता रानी के आगमन की तैयारियां की जा रही है। आगामी 22 सितंबर को माता रानी को विराजमान करने के लिए भव्य पंडाल बनाया जा रहा है। भव्य मंच बनाने के साथ लाजवाब लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है। जबरदस्त डीजे साउंड सिस्टम भी लगाया जा रहा है। नवरात्रि को लेकर सभी व्यापारियों सहित आमजनों में खुशी भरा माहौल बना हुआ है। आगामी नौ दिनों तक माता रानी की पूजा अर्चना के लिए क्षेत्र से सुप्रसिद्ध महाराज को आमंत्रित किया गया है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

## दो दिन की तृतीया, इसलिए दस दिन की नवरात्रि...मनोकामना ज्योत की बुकिंग तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मां शक्ति की आराधना का पर्व क्वांर नवरात्रि आगामी 22 सितंबर से शुरू हो रहा है। इसको लेकर देवी मंदिरों सहित पूजा पंडालों में तैयारी अंतिम चरण में है। इस बार तृतीय तिथि दो दिन होने के चलते नवरात्र का पर्व दस दिनों का होने वाला है। मंदिरों में नवरात्र को लेकर तैयारियां अंतिम दौर पर चल रही है, देवालयों में साज-सजावट के साथ ही मनोकामना ज्योत की बुकिंग भी तेज हो गई है। बम्लेश्वरी मंदिर, पाताल भैरवी मंदिर, शीतला मंदिर सहित जिले की सभी प्रमुख माता देवालयों में मनोकामना ज्योत रखे जाएंगे।

### चार धाम सहित विभिन्न थीम पर आधारित पंडाल हो रहे तैयार, सज रहे देवालय

#### कलश बनाने में जुटे कुम्हार

इधर नवरात्र पर्व को लेकर जोत-जंवारा स्थापित करने के लिए कुम्हार भी ज्योति कलश निर्माण में जुटे हुए हैं। शहर के अलग-अलग देवी मंदिरों में स्थापित होने वाली सैकड़ों ज्योति कलश के लिए कुम्हारों को पहले ही ऑर्डर दिया जा चुका है। जिसका कार्य भी लगभग पूर्ण हो गया है। एकम के दिन शहर की कुलदेवी मां शीतला मंदिर, मां पाताल भैरवी मंदिर सहित कुछ पूजा पंडालों में भी ज्योति कलश की स्थापना की जाती है।

#### पूजा पंडाल की तैयारी

नवरात्रि को लेकर शहर में अलग-अलग जगहों पर पूजा पंडाल लगाया जा रहा है। शहर के पुराने सेवा उत्सव समिति दुर्गा चौक, हमालपारा, ममता नगर, स्टेशनपारा, बांसपाईपारा, लोहारपारा, भरकापारा, गौशालापारा, ठेठवारपारा, इंदिरा नगर, बसंतपुर सहित अन्य क्षेत्रों में पूजा पंडाल लगाया गया है। जिसकी तैयारी लगभग पूरी हो गई है।



#### कृषि उपज मंडी में चार धाम के दर्शन

शहर के कृषि उपज मंडी में नवरात्र के अवसर पर माता की प्रतिमा स्थापना को लेकर बनाए जाने वाले भव्य पंडाल में इस वर्ष केदारनाथ की झांकी बनाई गई है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को चार धाम के दर्शन होंगे। जिसमें केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और हरकीपोड़ी की झांकी बनाई गई है। लगभग डेढ़ माह की तैयारी के बाद यहां चार धाम की भव्य झांकी बनाकर तैयार है। यहां मुख्य आकर्षण केदारनाथ मंदिर है।

#### 22 से 1 तक नवरात्र पर्व

| | |
|---|---|
| 22 सितंबर को | नवरात्र प्रारंभ |
| 23 सितंबर को | दूसरा दिन |
| 24 सितंबर को | तीसरा दिन |
| 25 सितंबर को | तीसरा दिन |
| 26 सितंबर को | चतुर्थी दिन |
| 27 सितंबर को | पंचमी तिथि |
| 28 सितंबर को | छठवा तिथि |
| 29 सितंबर को | सप्तमी तिथि |
| 30 सितंबर को | अष्टमी तिथि |
| 1 अक्टूबर को | नवमी तिथि |

**नोट** : कई पंडितों के अनुसार चतुर्थी तिथि दो दिन बताई जा रही है।वहीं कुछ पंडितों के अनुसार पंचमी दो दिन है।

मूर्तिकार जहां माता की प्रतिमा को मूर्त रूप देने में जुटे हुए हैं। वहीं शहर में जगह-जगह माता की प्रतिमा विराजित करने के लिए विभिन्न सेवा उत्सव समितियों द्वारा पंडाल लगाया गया है।

नवरात्र का पर्व हर्षोल्लास के साथ भक्तिभाव पूर्ण वातावरण में मनाने के लिए देवी मंदिरों सहित शहर की विभिन्न सेवा उत्सव समितियों द्वारा तैयारी अंतिम चरण में है, जहां देवी मंदिरों को आकर्षक लाइटों से सजाया जा रहा है। वहीं पूजा पंडालों में भी साज-सज्जा की जा रही है। नवरात्र के अवसर पर अलग-अलग संस्थाओं द्वारा गरबा की तैयारी भी लगभग पूर्ण हो गई है। मां शक्ति की भक्ति से भरे इस नवरात्र पर्व के आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में भी उत्साह का माहौल है।

## आपसी विवाद पर युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिवानभेडी गांव में आपसी विवाद के चलते एक युवक से जमकर मारपीट कर उसकी हत्या कर दी गई। जिससे गांव में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पर पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। कुछ लोगों से पूछताछ भी किया जा रहा है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दिवानभेडी में मारपीट की घटना हुई। यहीं के निवासी धनश्याम साहू उम्र लगभग 34-35 वर्ष का गांव में विवाद हो गया था। बताया गया कि सुबह लगभग 9-10 बजे करीब हुए इस विवाद के बाद गांव के कुछ लोगों ने मिलकर उक्त युवक की जमकर पिटाई कर दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था।

#### उपचार के दौरान मौत

मारपीट से उक्त युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज पेंड्री में भर्ती किया गया था। तुमडीबोड पुलिस के अनुसार इलाज के दौरान उक्त व्यक्ति की मौत हो गई। इधर इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई है। पुलिस को घटनाक्रम की सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस मामले में कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### 840 बीएलओ कर रहे मिलान, अगले एक सप्ताह में पूरी होगी प्रक्रिया

## बिहार की तर्ज पर जिले में भी एसआईआर 2003 के मतदाता सूची का हो रहा मिलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ बिहार में की गई एसआईआर प्रक्रिया अब बहुत जल्द जिले में भी की जाएगी। इसकी तैयारियां स्थानीय स्तर पर शुरू कर दी गई है। बताया गया कि प्रथम चरण में निवार्चन विभाग के कर्मचारी 2003 में की गई एसआईआर प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची का मिलान 2025 की वोटर लिस्ट से करने में जुटे हुए हैं। जिले के सभी 840 बूथ में बीएलओ इस काम में लगा दिए गए हैं। ज्ञात हो कि जिनके नाम 2003 सूची में नहीं है, उनको एसआईआर प्रक्रिया के तहत प्रमाण देना पड़ सकता है।

उल्लेखनीय है कि बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले वोटरों की पहचान के लिए निर्वाचन आयोग ने एसआईआर की प्रक्रिया की। इस प्रक्रिया को लेकर देशभर में चर्चा भी देखने को मिली। विपक्ष ने इस पर कई सवाल भी उठाए, इस बीच अब प्रदेश के सभी जिलों में एसआईआर यानि विशेष गहण पुनरीक्षण प्रक्रिया की तैयारी चल रही है। जिसके तहत 2003 और 2025 की मतदाता सूची का मिलान कार्य किया जा रहा है। बताया गया कि सभी बीएलओ को इसकी जानकारी के साथ प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अब बीएलओ अपने स्तर पर जांच में जुट गए हैं। अगले एक से डेढ़ सप्ताह में मिलान का काम पूरा भी कर लिया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रदेश में संभावित विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारी को लेकर सर्व मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करने भी कहा गया है।



#### गाईड लाइन का इंतजार

बताया गया कि प्रदेश स्तर से फिलहाल केवल मतदाता मिलान का काम करने कहा गया है। मिलान के बाद आगे की प्रक्रिया के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। बीएलओ स्तर के कर्मचारियों को ही एसआईआर में तैनात किया जाएगा। हालांकि दिशा-निर्देश आने से पहले यह तय नहीं है कि किन मतदाताओं को प्रमाण देना होगा। बताया गया कि जिन नए मतदाताओं के माता पिता के नाम 2003 में दर्ज थे, उन्हें अपने पालक के ही प्रमाण देने होंगे।

#### माता-पिता से मिलाएंगे नाम

सूची में शामिल ऐसे मतदाता जिनके माता-पिता में किसी का भी नाम 2003 की सूची में शामिल है, उनकी सूची भी तैयार की जाएगी। ऐसे मतदाताओं के साथ कोई दिक्कत नहीं है, उनका सत्यापन बीएलओ सूची तैयार करने के बाद घर-घर जाकर करेंगे। ऐसे मतदाता जो 2003 के बाद जुड़े हैं और उनके माता-पिता में किसी का नाम पुरानी सूची में नहीं है, उन्हें अपने यहां का निवासी होने और पहचान स्थापित करने के लिए आवश्यक दस्तावेज जमा करना होगा।

#### दो श्रेणी में बटेंगे मतदाता

आयोग के निर्देशानुसार वर्ष 2003 की मतदाता सूची को आधार मानते वर्ष 2025 की मतदाता सूची से बीएलओ सुपरवाईजर की निगरानी में मिलान करने की प्रारंभिक कार्रवाई प्रारंभ कर दिया गया है। मिलान उपरांत कैटेगरी ए एवं केटेगरी बी में मतदाताओं की सूची तैयार की जाएगी। ऐसे मतदाता जिनका नाम 2003 एवं 2025 की मतदाता सूची दोनों में है, उनका नाम कैटेगरी ए तथा ऐसे मतदाता जिनका नाम 2025 की मतदाता सूची में है, किन्तु 2003 की मतदाता सूची में नहीं है, पर उनके परिवार के सदस्यों माता अथवा पिता का नाम 2003 की मतदाता सूची में है तो वह कैटेगरी बी में आएंगे।

#### वर्ष 2003 में थे 488554 मतदाता

मिली जानकारी के अनुसार दो दशक पहले 2003 में एसआईआर की प्रक्रिया की गई थी। उस दौरान राजनांदगांव जिले में कुल 488554 मतदाता थे। वहीं अब मौजूदा स्थिति में जिले में लगभग 7.10 लाख मतदाता हो गए हैं। ऐसे में मिलान की प्रक्रिया के दौरान बीएलओ यह देख रहे हैं कि 2003 के 488554 मतदाता में से कितने मतदाताओं के नाम अब भी मतदाता सूची में दर्ज है। इन मतदाताओं को प्रमाण देने की आवश्यकता नहीं होगी।

### जांच में जुटी पुलिस टीम

## मानव मंदिर चौक में मेडिकल दुकान के बाद घड़ी दुकान में भी सेंध, नगदी सहित घड़ी पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के मानव मंदिर चौक स्थित मेडिकल एवं घड़ी दुकान में गत रात्रि चोरों ने धावा बोल दिया। छत के सहारे दुकान में घुसे चोरों ने जहां मेडिकल दुकान से लगभग 7 लाख रुपए, वहीं घड़ी दुकान से नगदी ढ़ाई लाख रुपए एवं दर्जनभर घडियां चोरी कर फरार हो गए। इस घटना से व्यापारियों में सनसनी फैल गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के हृदय स्थल मानव मंदिर चौक के पास स्थित गणेश मेडिकल एवं नरेश वाच में चोरों ने विगत रात्रि प्रवेश किया। वहीं मोहारा रोड स्थित ब्लू डायमंड कालोनी में भी चोरों ने एक मकान से चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

**चोरो का सुराग लगाने जुटी पुलिस**

नकाबपोश चोरों ने जहां मेडिकल दुकान के गल्ले में रखे नगदी रकम लगभग 7 लाख रुपए पर हाथ साफ कर दिया। वहीं उक्त चौक में स्थित नरेश वॉच में भी चोरों ने प्रवेश कर नगदी रकम लगभग ढाई लाख रुपए एवं दर्जनभर घडियों की चोरी कर ली। इस घटना की खबर जैसे ही आसपास के व्यवसायियों को मिली, सनसनी फैल गई है। इधर चोरी की घटना की सूचना होते ही पुलिस ने दुकानों व अन्य स्थानों का सीसीटीवी फुटेज खंगालकर चोरों का सुराग लगाने जुटी हुई है।

#### छत की ओर से घुसे थे चोर

पुलिस सूत्रों के मुताबिक अज्ञात चोर उक्त दोनों दुकानों के छत की ओर से दुकानों के भीतर प्रवेश किए थे। बताया गया कि चोरों ने अपने चेहरे कपड़ों से ढंका हुआ था। पुलिस को आशंका है कि उक्त घटना में बाहर चोर गिरोह का हाथ हो सकता है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच एवं चोरों की पतासाजी करने के लिए जुटी हुई है।

## गांजा तस्कर एवं नशे के मामले में पुलिस की छापामार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिले में अवैध नशे के कारोबार एवं आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने कई स्थानों पर छापामार कार्रवाई की। वहीं कई संदिग्धों से भी पूछताछ की। इस दौरान असामाजिक तत्वों में हड़कंप की स्थिति निर्मित रही।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले में अवैध नशे के कारोबार एवं अपराध पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक वैशली जैन, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार नशे के खिलाफ जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत आगामी दिनों में भी संदिग्ध ठिकानों में छापामार कार्रवाई की जाएगी एवं अवैध रूप से नशे के कारोबार में जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

#### संदिग्धों से पूछताछ

जिसके तहत 19 सितंबर को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा पुराना बस स्टैंड, गौरीनगर, टांकापारा, गंज चौक एवं थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा जमातपारा, कुंआ चौक नंदई, कोठारपारा, बसंतपुर, बंगाली चाल, शिकारी मोहल्ला, अटल आवास सृष्टी कॉलोनी, शिवनगर देवार मोहल्ला, थाना लालबाग पुलिस द्वारा पेंड्री अटल आवास, ट्रांसपोर्ट नगर पेंड्री के साथ ही पुलिस चौकी चिखली पुलिस द्वारा मोतीपुर, 16 खोली, गौरीनगर, स्टेशनपारा, शंकरपुर में अपने-अपने थाना क्षेत्र में अवैध गांजा तस्करों एवं गोली डीलरों के ठिकानों पर एक साथ छापामार कार्रवाई की गई। छापे के दौरान कई संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई।

## बढ़ी हुए बिजली बिल, लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर दफ्तर का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के कई क्षेत्रों में बार-बार पावर कट, लो-वोल्टेज की समस्या और बढ़ी हुई बिजली बिल, कॉल ऑपरेटर द्वारा फोन रिसीव नहीं करने सहित जनता की अन्य समस्याओं को लेकर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी और छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के कार्यकर्ताओं ने आज बिजली दफ्तर का घेराव करते अव्यवस्था के मामले को लेकर जमकर नारेबाजी की।

बिजली बिल में बढ़ोत्तरी का विरोध करते हुए जो हर छत्तीसगढ़ पार्टी के कार्यकर्ता शहर के कैलाश नगर स्थित बिजली ऑफिस पहुंचे। यहां उन्होंने जमकर नारेबाजी की और जमीन पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीष देवांगन ने कहा कि लोगों के घरों में अनियंत्रित और अत्याधिक



बिजली बिल आ रहा है। शहर के कई क्षेत्रों में लो-वोल्टेज की समस्या है, कई क्षेत्रों में बार-बार पावर कट हो रहा है। विभाग के कॉल ऑपरेटर फोन करने पर फोन भी नहीं उठाते हैं। जनता की समस्या सुनने वाला कोई नहीं है।

#### समस्याओं से कराया अवगत

अपने प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री के नाम दिए गए ज्ञापन में विभाग की अव्यवस्था एवं अन्य समस्याओं से अवगत कराया है। वहीं समस्याओं का हल नहीं होने पर कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई है।

#### ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी द्वारा अपने ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि शहर में अतिरिक ट्रांसफार्मर लगाए जाए। वहीं समस्याओं की शिकायत करने हेतु अतिरिक्त फोन नंबर जारी किया जाए। इस प्रदर्शन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग में व्याप्त समस्याओं को दूर करने, बिजली की दरों में कमी और बढ़ी हुई बिजली बिल से जनता को राहत देने की मांग की है।

संजीवनी नर्सिंग होम

हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

**स्पाईन विभाग**

डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)

- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा

**हड्डी रोग विभाग**

डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY

- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध

OPD 10 AM to 4.00 PM

आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल

पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)

24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

### जांच के बाद जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन

## केले की फसल में चना का बीमा कराकर लाखों रुपए का फर्जीवाड़ा, शिकायत के बाद जांच टीम का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



विकासखण्ड छुरिया में रबी फसल चना में बीमा कंपनी एवं कृषि विभाग द्वारा केले की फसल में चना फसल का बीमा कराकर लाखों रुपए का फर्जीवाड़ा किए जाने का मामला सामने आया है। मामले के प्रकाश में आने के बाद इस फर्जीवाड़े को लेकर बीमा कम्पनी एवं कृषि विभाग में हड़कंप मच गया है। सूत्रों की माने तो इस पूरे मामले में बीमा कम्पनी के एजेण्ट की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। मामले का खुलासा होते देख अनुविभागीय कृषि अधिकारी राजनांदगाव ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत चना फसल के फर्जीवाड़े की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच टीम का गठन भी किया है।

उल्लेखनीय है कि छुरिया विकासखण्ड में कृषि विभाग के प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत रबी वर्ष 2024-25 में ढाई हजार हेक्टेयर में किसानों ने फसल बीमा कराया था। जिसका दावा भुगतान बीमा कम्पनी ने लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपए किसानों के खाते में हस्तांतरित कर दिया है। जिसमें विकासखण्ड के ग्राम पंचायत आमगांव में लगभग 170 एकड़ में केले एवं अन्य सब्जी वर्गीय फसल होने के बावजूद भी बीमा कम्पनी द्वारा बिना जांच पड़ताल के फसल बीमा कराकर लाखों रुपए का फर्जी तरीके से दावा भुगतान किया गया है। इस फर्जी भुगतान में बीमा कम्पनी के एजेण्ट एवं कृषि विभाग की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिस जमीन पर बीमा कम्पनी ने चना बीमा कराया गया था, उन खसरों में बारह महीने केला एवं अन्य सब्जी वर्गीय फसल की खेती की जाती है। ऐसे में केले की फसल में चना का बीमा दर्शाकर लाखों रुपए का फर्जीवाड़ा किए जाने का मामला सामने आया है।

#### छुरिया पूर्व विधायक छन्नी ने की शिकायत

मामले की जानकारी मिलने के बाद पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू ने अनुविभागीय कृषि अधिकारी से इस पूरे प्रकरण की शिकायत की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए इस फर्जीवाड़े को लेकर जांच टीम का गठन भी कर दिया गया है। इस मामले की सूक्ष्म जांच की जाए तो फसल बीमा योजनांतर्गत भ्रष्टाचार के कई बड़े खुलासे होने की संभावना है। पूर्व विधायक ने भी जांच के बाद जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।



## खबर संक्षेप

### भोलापुर परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष बने कुमार

**राजनांदगांव।** परिक्षेत्र साहू समिति भोलापुर की बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में भोलापुर परिक्षेत्र के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारी एवं मंडल के ग्रामीण अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में अध्यक्ष पद के लिए कुमार साहू (पांडेटोला), उपाध्यक्ष तेजालाल साहू (भोलापुर), रामकुमारी साहू (झालाटोला), संगठन सचिव पद के लिए जागृत दास साहू (भोलापुर), तेजबति साहू (बैरागीभेड़ी) को सर्वसम्मति से पदाधिकारी चुना गया। बैठक में शिशुपाल साहू, हेतराम साहू, उमराव साहू, श्यामलाल साहू, मुनीम साहू, बनरझिया साहू, राजेन्द्र साहू, पलटन साहू, तोरण साहू, रामशिला साहू, पंचराम साहू, सीताराम साहू, भुखन साहू, माहेश्वरी साहू, शिवकुमार साहू, श्यामलाल साहू, ललित कुमार साहू, नरेन्द्र साहू, हृदयराम साहू, रामलाल साहू सहित परिक्षेत्र के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



### बेलटिकरी में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान

**राजनांदगांव।** मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक महिलाओं को प्रोत्साहित एवं उनको बीमारियों से दूर रखने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर बेलटिकरी में शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान में बीटीओ अमृता जैन, हेमंत ठाकुर सुपरवाइजर, मेघनाथ भुआर्य, एनएमए महिला सुपरवाइजर श्रीमती बाजपेई, सरिता निषाद, संजय सोनी, मितानिन दीदी सुनीता पटेल, गोमती निषाद, पुष्प साहू, लिलेश्वरी, अंगेश्वरी साहू, चैती साहू, कौशल्या नेताम, राधा साहू, दुर्गा साहू, भूपेश्वरी, मंजू साहू, संतोषी साहू, टोमीन साहू, शिवबती साहू, थलेश्वरी साहू समेत जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी संजय सोनी ने दी।



### बोदेला में मना पीएम का जन्मदिन

**राजनांदगांव।** ग्राम बोदेला में किसान हितैषी प्रधान सेवक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई देते जिला भाजपा किसान मोर्चा पूर्व मंत्री एवं पूर्व मंडी सदस्य डोंगरगांव निर्भयराम श्रीवास ने बताया कि ग्राम बोदेला में मोदी के जन्म अवसर पर बस स्टैंड चौक पर लोगों को फ्री चाय पिलाया गया। साथ ही लोगों के समक्ष प्रधानमंत्री मोदी जन्म से लेकर आज तक किए गए कार्यों को याद कराया गया। प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर बधाई देने वालों में जगदेव साहू, मनहरण यादव, आशाराम साहू, ठाकुरराम साहू, काजू साहू, चैन सिंह, इंद्रसेन साहू, चंद्रेश श्रीवास, विक्रम साहू, भागवत साहू, अवध यादव, शत्रुहन साहू, किशोर बामुण्डे, पितांबर यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### पूर्व सांसद ने व्यक्त की शोक संवेदना

**राजनांदगांव।** वरिष्ठ भाजपा नेता गणेश चंदेल अचानकपुर भाटापारा के पुत्र ऐश्वर्य विमल सिंह चंदेल का लंबे समय से अस्वस्थ होने के कारण 16 अगस्त को निधन हो गया। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह उनके परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पश्चिम मनोज साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, जनपद प्रतिनिधि कृष्णा साहू, सरपंच प्रेमचंद साहू, बूथ अध्यक्ष चैनसिंह देवांगन,बूथ सचिव प्रमोद गहने, रामलाल निषाद, लालूराम देवांगन, जोहरीत साहू, प्यारी निषाद, गणेश चंदेल, भागवत सिंह चंदेल, राजेन्द्र मानिकपुरी, रामानंद उईके, कन्हैया टेकाम सहित अन्य लोग शामिल थे।



### हिन्दी दिवस पर राजकुमार सम्मानित

**राजनांदगांव।** लायंस क्लब द्वारा शहर के लायन डेन में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लायंस क्लब नांदगांव के बैनर तले किया गया। जिसमें राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ के साहित्यकार ने अपने-अपने हिन्दी भाषा की गरिमा को बताते विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ चिंतक अशोक चौधरी एवं दिग्विजय कॉलेज के प्रो. शंकर मुनि राय के साथ शशिकांत की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक राजकुमार शर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता अमलेन्दु हाजरा ने किया। कार्यक्रम में रंगकर्मी हिमांशु याज्ञिक भी सम्मानित किए गए। यह जानकारी अनिमेष राय द्वारा दी गई ।



### वृद्धजनों का किया गया चेकअप

**राजनांदगांव।** समता महावीर वृद्धा आश्रम में लायंस क्लब ऑफ नांदगांव व सुंदरा डेंटल कॉलेज द्वारा वृद्धजनों का चेकअप किया गया। अध्यक्ष प्रमोद बागड़ी व पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर खंडेलवाल ने आशीर्वाद लिया। डॉ. अनिरुद्ध खडेकर, वैदेही राजुलकर, कुनाल नाहर, महक किन्दगरगी, कु. कवैजी ने अपनी सेवाएं दी।



### निःशुल्क मेगा कैम्प का आयोजन 26 से

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर पशुधन विकास विभाग द्वारा 26 सितंबर को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक पशु मेला एवं पशु चिकित्सा शिविर तथा 27 एवं 28 सितंबर को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक विश्व रैबिज दिवस के उपलक्ष्य में निःशुल्क मेगा कैम्प का आयोजन जिला पशु चिकित्सालय राजनांदगांव में किया गया है। पशु मेला एवं पशु चिकित्सा शिविर में उन्नत नस्ल के बछड़ा-बछिया, गाय, बकरा-बकरी, मुर्गा-मुर्गी का पशु प्रदर्शनी किया जाएगा। साथ ही पशुओं का सीबीसी, एलएफटी, आरएफटी, फीकल एवं यूरिन टेस्ट निःशुल्क किया जाएगा। निःशुल्क मेगा कैम्प में पालतू श्वान में एंटी रेबीज का टीकाकरण निःशुल्क कृमिक नाशक दवा दी जाएगी।

## एक करोड़ 31 लाख का खेल, शहर की जनता भुगत रही खामियाजा

# नगर पालिका ने जैम से खरीदी में भी बुना भ्रष्टाचार का ताना-बाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बीते दो तीन सालों से नगर पालिका परिषद में खरीदी, निविदा टेंडर को लेकर जिम्मेदारों द्वारा लगातार अनियमितता बरती जा रही है, लेकिन शहर का दुर्भाग्य कि शहरी सत्ता में काबिज जिम्मेदार भी इस स्थिति से उबरने कोई प्रयास नहीं कर रहे है।

ताजा मामला पंद्रहवें वित्त मद अंतर्गत जेम पोर्टल के माध्यम से सवा करोड़ रूपए से उपर की खरीदी का है जिसमें ऑनलाइन निविदा में शामिल निविदाकार क्षत्रिय एग्रो दुर्ग की कंपनी ने नगरीय प्रशासन विभाग के संयुक्त संचालक, संचालक और कलेक्टर को आवेदन देकर पूरी प्रक्रिया की जॉच की मांग करते हुए बताया कि नपा द्वारा जैम पोर्टल के माध्यम से विभिन्न कामों के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था जिसमें शामिल होने उन्होंने निविदा से संबंधित सभी वांछित अभिलेख की स्पष्ट प्रति आनलाईन अपलोड की थी, लेकिन एटीसी के आधार पर 19 जून 25 को उन्हें अपात्र कर दिया गया बिना यह बताए कि एटीसी के 24 बिंदुओं में से किस बिंदु में वांछित अभिलेख नहीं होने के कारण उन्हें अपात्र किया गया है।

नियमानुसार उनके द्वारा निर्धारित समयावधि में ही सारे दस्तावेजों को दुबारा अपलोड किया गया, लेकिन दुबारा अभिलेखों को अष्पस्ट और पठनीय योग्य नही होने का कारण बताकर अपात्र बना दिया गया। उनकी शिकायत बाद नगरीय प्रशासन विभाग ने पूरी फाइल रायपुर संचालनालय मंगा ली जिसके अब संयुक्त संचालक आफिस दुर्ग में होने की जानकारी मिली है जिम्मेदारों की लापरवाही और अपनों को उपकृत करने की चाहत का खामियाजा बीते तीन महीनों से शहर की जनता को भुगतना पड़ रहा है।

### एक साल में नहीं कर पाए कार्रवाई, जुलाई 24 से आया है पैसा

भारत सरकार के जैम पोर्टल जिसमे खरीदी प्रक्रिया मे पारदर्शिता का लक्ष्य है उसे ही जिममेदार निज हित स्वार्थ के लिए समयानुसार परिवर्तित करने मे आमदा है। ताजा मामला नपा में भ्रष्टाचार को लेकर बुने गए ताने बाने को प्रमाणित करता है जिसमे तत्कालीन सीएमओ प्रमोद शुक्ला के कार्यकाल के दौरान 15 वें वित्त की राशि में बड़े गोल माल का प्रयास किया गया था हालांकि बात बनी नहीं और तत्कालीन सीएमओ ने नियम के परे जाकर टेंडर निरस्त कर दिया जबकि नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 26 जुलाई 24 को जारी प्रस्तावो के कार्ययोजना मे स्पष्ट रूप से कंडिका पांच मे कहा गया है कि सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन बाद ही कार्य का निष्पादन किया जाना है लेकिन अपने ही विभाग के नियमो को दरकिनार कर सीएमओ ने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर निविदा/ क्रय समिति और पीआईसी से दर अनुमोदन लिए बिना कार्य आदेश जारी करने के बाद टेंडर को निरस्त कर दिया जबकि मामले मे केवल पीआईसी को उक्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार था। वर्क आर्डर जारी करने के बाद लाभ न होता देख सीएमओ ने आनन फानन में टेंडर निरस्त कर दिया और फर्म को ब्लैक लिस्टेड भी नहीं किया।

### अलग शर्त जोड़ी तो होगी निरस्तीकरण की कारवाई

आमतौर पर जैम पोर्टल में खरीदी की कारवाई नपा के कंप्यूटर सिस्टम से करने का नियम और प्रावधान है, लेकिन सूत्रों की माने तो उक्त निविदा प्रक्रिया नपा के कंप्यूटर सिस्टम से न कर ठेकेदार या वेंडर के कंप्यूटर या लैपटॉप से किया गया जिससे प्रक्रिया की गोपनीयता पर ही सवाल खड़ा हो गया हैं। बॉयर सक्षम उप अभियंता जिसके पास बिड संबंधी प्रक्रिया संपादित करने आईडी पासवर्ड होता है उसकी जिम्मेदारी बनती है कि सारे कार्य नियमानुसार हो लेकिन इस मामले में ऐसा नही किया गया। नगर पालिका ने बिड का प्रकाशन यूएडी वेबसाइट में नहीं किया वही बिड वेंडर से ईएमडी राशि जमा कराने का प्रावधान ही नहीं किया गया। इसके अलावा टेंडर प्रक्रिया मे सामान्य शर्तो के अलावा एटीसी को अनिवार्य किया गया ताकि स्पर्धा में अन्य कोई शामिल ना हो सके हालांकि नगरीय प्रशासन विभाग ने 4 सितंबर को आदेश जारी कर स्पष्ट रूप से कह दिया है कि विवरण मे ऐसी कोई शर्त को उल्लेख ना किया जाए जो अनावश्यक रूप से विक्रेताओं या प्रदायकर्ताओं को सीमित करती हो या किसी अन्य को अनुचित लाभ प्रदान करती हो।

### निविदा प्रणाली में आंतरिक छेड़छाड़ कर किया दूर

क्षत्रिय एग्रो के प्रवीण सिंह बैस ने कहा कि उनके द्वारा आनलाईन आवेदन में अपलोड किए गए सारे अभिलेख स्पष्ट रूप से पठनीय रहे, लेकिन कंप्यूटरीकृत निविदा प्रणाली में आंतरिक छेड़छाड़ कर उनके अभिलेखों को ब्लर कर दिया गया। उन्होंने निविदा में शामिल सभी निविदाकारों के तुलनात्मक विवरण परिशिष्ठ से यह स्पष्ट होने की बात के साथ कहा कि नपा के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कतिपय निविदाकारों से सांठगांठ कर उन्हें आर्थिक लाभ पहुंचाने की नीयत से उन्हें निविदा में शामिल होने से अपात्र कर दिया गया। शासन ने निविदा प्रक्रिया को पारदर्शी और स्पष्ट बनाए रखने के लिए आनलाईन सिस्टम चालू किया है, लेकिन नपा के जिम्मेदारो द्वारा स्वयं लाभ अर्जन और शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने वाला कदम उठाया है। यदि निविदाकारों द्वारा भरे गए दरो के तुलनात्मक विवरण का अवलोकन किया जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। अभिलेखों की सूक्ष्मता से जांच की जाए तो पता चल जाएगा कि शासन को किस स्तर तक आर्थिक क्षति पहुंचाने का प्रयास किया गया है। लागत व निविदा राशि के अंतर से ही सीएमओ और कार्य एजेंसी सहित बॉयर द्वारा बिठाए गए सामंजस्य को आसानी से समझा जा सकता है।

### पंद्रह लाख से उपर का चूना लगाने की थी तैयारी

सामान्य तौर पर टेंडर प्रक्रिया से जुड़े लोगों को मानना है कि प्रतिस्पर्धा की स्थिति में काम हासिल करने दर उपर नीचे किया जाता है लेकिन जब सेटिंग की स्थिति निर्मित हो जाती है तो स्वीकृत दर से महज कुछ पैसो का अंतर ही टेंडर हासिल करने भरा जाता है। पूर्व मे स्वीकृत निविदा आदेश को सामग्री आपूर्ति नही करने के कारण निरस्त कर दिया गया था उसके बाद जो बिड प्रकाशित किया गया जिसमें व्यक्ति विशेष फर्म को काम देने नियम व शर्तो मे बदलाव किया और तोड़ा मरोड़ा गया।

## कबीर विचार संगोष्ठी वक्ताओं ने रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजनांदगांव के पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में दो दिवसीय संत कबीर विचार संगोष्ठी के आयोजन में देशभर से आए प्रमुख कबीर पंथाचार्यों, संत-महंतों, विद्वानों और महाविद्यालयीन प्राध्यापकों ने उनके जीवन-दर्शन, वाणी, आदर्शों और सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि कबीर के विचार आज भी सामाजिक सौहार्द, एकता और विश्वबंधुत्व के लिए अत्यंत प्रासंगिक और व्यावहारिक हैं। संगोष्ठी में दिग्विजय महाविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. हरनाम सिंह, राजस्थान के संत प्रभाकर साहेब, कबीर मठ नादिया के धर्माधिकारी सत्येंद्र साहेब, साध्वी शिखा बिहार, हाईकोर्ट एडवोकेट शाकिर कुरैशी, महंत तुलसीदास साहेब, महंत बासादास, डॉ. परसदास, साध्वी चंद्रकला, प्रो राजकुमार जैन, साधू यतीन्द्र साहेब नागपुर सहित अन्य विद्वानों ने कबीर दर्शन और वर्तमान सामाजिक परिप्रेक्ष्य पर अपना अपना विचार रखते हुए कहा कि कबीर का संदेश जात-पात और भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता को सर्वोपरि मानता है, इसलिए उनका साहित्य पीढ्यों से प्रेरणास्त्रोत बना हुआ है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा शमां

कार्यक्रम मे पद्मश्री डॉ भारती बंधु और डॉ तारासिंह डोडवे इंदौर ने सूफी शैली में कबीर भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। जरा हल्के गाड़ी हांको, जहां देखो वहां तू ही तू, पानी में मीन पियासी जैसे भजनों पर श्रोता जमकर झूमे। ताना-बाना ग्रुप के संत देवेंद्र व संत गुरुबोध ने भी भजन प्रस्तुत कर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। समारोह में सांसद संतोष पांडेय, विधायक दलेश्वर साहू, महापौर मधुसूदन यादव, कोमल सिंह राजपूत समेत अनेक जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

कार्यक्रम का समन्वय और संचालन विप्लव साहू ने किया। भगवानी साहू, हरीश साहू, रूपचंद साहू, संतोष साहू, ललित साहू, दुर्गाराम साहू, कृष्णा साहू, चिंताराम साहू सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। रायपुर, दुर्ग-भिलाई, केसीजी, मोहला-मानपुर-चौकी आदि जिलों के साथ प्रदेश भर से दर्शकों और श्रोताओं, कार्यकर्ताओं और प्रशासन के प्रति कार्यक्रम अध्यक्ष जेडी साहू ने आभार व्यक्त किया।

## फ्रॉड से बचने लोगों को सतर्क कर रहा व्यापारी संघ

### सोशल मीडिया से चला रहे जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

व्यापारी संघ ने आमजनों से फ्राड से सतर्क रहने और कोई परेशानी होने पर पुलिस विभाग से सम्पर्क करने का आव्हान किया है।

जानकारी के अनुसार व्यापारी संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता सहित अन्य व्यापारियों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से आमजनों को वर्तमान में हो रहे फ्राड को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा रहा है। उन्होंने बताया कि एपीके फाइल फ्रॉड का मतलब होता है मोबाइल ऐप्स की नकली या खतरनाक फाइल जो धोखाधड़ी से जुड़ी होती है।

एपीके असल में एनराइड ऐप्स का इंस्टॉलेशन फॉर्मेट होता है। जब भी कोई ऐप डाउनलोड करता है तो भी वह एपीके के रूप में ही इंस्टॉल होता है। एपीके मोबाईल में डाउनलोड होकर इनस्टॉल होते ही मोबाइल हैक हो जाता है। उन्होंने बताया कि फ्राड से बचने के लिए विश्वसनीय सोर्स से ही ऐप डाउनलोड करना चाहिए। कभी भी अनजान लिंक से एपीके इंस्टॉल नहीं करना चाहिए। उन्होंने बताया कि गलती से एपीके इनस्टॉल हो गया है तो तत्काल मोबाइल से सिम निकाल दे या मोबाइल को फ्लाइट मोड पर कर दे। वाईफाई को भी बंद कर दे और मोबाइल को बंद कर सिम को अन्य मोबाइल में लगाकर उपयोग करें।

## निबंध में विकास और रंगोली में मेघा विजेता

- हिंदी दिवस पर विविध प्रतियोगिताएं आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 13 सितंबर को हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती के निर्देशन एवं हिंदी विभाग के तत्वावधान में अनेक प्रतियोगिताएं हुईं। मुख्य अतिथि द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब ऑफ इंडिया की उषा किरण शाह, विशिष्ट अतिथि भावनासिंह, कैरोलाइनदेवी सिंह, लावण्या स्वामी, राणा मोना सिंह, सुधा श्रीवास्तव, नम्रता दम्माणी, लक्ष्मी देवांगन, मीनाक्षी हेमने, अनुका जंघेल, कीर्ति मिश्रा, भारती मिश्रा, हाशमी मेडम एवं तृप्ति राजाभोज थीं।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन से हुई। छात्रा विद्या साहू ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ रेवती ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि हिंदी हमारी अपनी भाषा है और यह राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। इस दौरान आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम विकास मेश्राम, द्वितीय अरुण वर्मा, तृतीय करण मेश्राम, सांत्वना पुरस्कार निखिल को प्राप्त हुआ। रंगोली में प्रथम मेघा, हेमा, द्वितीय निशा वर्मा, नीलम वर्मा, तृतीय हिमेंद्र, टाकेशवर, सांत्वना तृप्ति साहू, काजल सिन्हा, नाटक में धनिता यादव, काजल सिन्हा, सेवती कंवर एवं मोरध्वज को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। समाचार वाचन में विकास मेश्राम, करण मेश्राम, काव्य वाचन में अरुण वर्मा, एकल नृत्य में वीणा नंदेश्वर, गीत विधा में विद्या साहू, भूमिका सेन, खेलकूद में मुस्कान मेश्राम को स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजेताओं को वी क्लब ने स्मृति चिन्ह एवं मेडल प्रदान किया। विभाग प्रमुख डॉ. नीता राजपूत ने काव्य वाचन किया।

### लक्ष्य की ओर बढ़े

मुख्य अतिथि उषा किरण शाह ने विद्यार्थियों को सदैव लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी। वी क्लब ने प्राचार्य डॉ रेवती, डॉ आशा चौधरी, डॉ नीता राजपूत, डॉ येशुकृति हजारे एवं नीलम सिन्हा को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन डॉ. नीता राजपूत तथा आभार प्रदर्शन डॉ. येशुकृति हजारे ने किया।

## क्वांर नवरात्रि की तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



आगामी सोमवार से प्रारंभ होने वाले क्वार नवरात्रि पर्व को लेकर ग्रामीण इलाके में जोर शोर से तैयारी शुरू हो गई है। क्षेत्र के प्रमुख देवी स्थल नर्मदा मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, चोरडाधाम, सिद्ध बाबा मंदिर के अलावा सभी गांव में समिति गठित कर मां दुर्गा, सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी चल रही है। अंचल के लोगों के प्रमुख आस्था का केन्द्र मां नर्मदा मंदिर में साफ सफाई एवं रंग-रोगन कार्य जारी है। यहां पर्व पर श्रद्धालु बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करते हैं। इस साल भी श्रद्धालुओ का मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किया जायेगा। यहां नौ दिन तक पदयात्रियों का जत्था पहुंचता है जो माता रानी का दर्शन कर बम्लेश्वरी दर्शन के लिए आगे बढ़ते हैं। नवरात्र पर्व भर यहां देवी आस्था रंग देखने को मिलता है। इसके साथ ही क्षेत्र के सभी गांव में कहीं दो तीन तो कही आधा दर्जन देवी प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी चल रही है। समिति के सदस्य मंच तैयार करने तथा धार्मिक आयोजन की तैयारी में जुटे हैं।

## ट्रस्ट में महिला को प्रतिनिधित्व



**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट कमेटी ने पहली बार महिला को ट्रस्टी के रूप में मनोनीत किया है। महिला प्रतिनिधित्व के लिए ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल एवं समस्त ट्रस्टियों का आभार व्यक्त करते हुए श्रीमती कोठारी ने आशा किया है कि सहभागिता से मनोबल बढेगा।

## गठुला शाला में साक्षरता दिवस व पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग द्वारा साक्षरता दिवस एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन तथा समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया। उक्त कार्यक्रम शासकीय प्राथमिक शाला गठुला जिला राजनांदगांव में किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों एवं स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से रैली निकाली गई। जिसमें साक्षरता दिवस संबंधित विभिन्न नारे एवं स्लोगन लगाए गए। कार्यक्रम में अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया।

शाला की प्रधान पाठक सुषमा ठाकुर ने कहा कि इस परिवर्तन के दौर पर हमें अनेक नई-नई टेक्नोलॉजी व विभिन्न प्रकार के कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिन कठिनाइयों का हम साक्षर होकर ही समझ सकते हैं तथा सही-गलत की पहचान कर सकते हैं, यह कहकर बच्चों को जानकारी प्रदान की गई। प्रथम कुमारी हर्षित एवं द्वितीय मोनिका साहू एवं तृतीय तेजस्वी को पुरस्कार दिया गया। शाला परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया एवं विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया। अंत में आभार व्यक्त शालिनी सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधान पाठक सुषमा ठाकुर, नीलिमा चंद्रिकापुरे, तारिणी साहू, शालिनी सोनी एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### कई योजनाएं लागू

समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू ने कहा कि आज के इस युग में कोई भी बच्चा निरीक्षर या अशिक्षित ना हो, इस हेतु सरकार ने निःशुल्क शिक्षा एवं अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान किया है एवं शिक्षा संबंधी विभिन्न महत्व कांक्षी योजनाएं लागू की है। जिससे शत-प्रतिशत बच्चे शिक्षा प्राप्त कर सकें। तत्पश्चात शाला परिसर में साक्षरता दिवस के विषय पर पोस्टर मेकिंग एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आए विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

## छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों के विकास पर प्रतियोगिता

# कॉलेज में रजत जयंती समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, स्वर्गीय देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में रजत जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस महोत्सव के अंतर्गत, छात्रों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में, प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे के मार्गदर्शन में, एक विशेष क्विज़ और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा (2000 से 2025 तक ) इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में, प्रतिभागियों ने 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ द्वारा हासिल की गई प्रगति को कलात्मक रूप से प्रस्तुत किया और अपने चित्रों के माध्यम से राज्य के विकास की कहानी को दर्शाया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गंडई प्रेस क्लब के अध्यक्ष विनोद नामदेव थे, उनके साथ क्लब के रोहित देवांगन और यावर नियाजी खान भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का निर्णय जीके कौशिक, डॉ. दिलेश्वरी साहू और गौरव जैन ने किया।

इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप अमीला, सह-संयोजक सुश्री शिल्पी देवांगन और डॉ. ओपी कौशिक सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### कई टीमों ने लिया हिस्सा

वहीं क्विज़ प्रतियोगिता में लगभग एक दर्जन टीमों ने हिस्सा लिया। छात्रों को अलग-अलग टीमों में बांटा गया, जहां उन्हें सामान्य ज्ञान से संबंधित सवालों का जवाब 20 सेकंड के भीतर मौखिक देना था। तीन राउंड के बाद, तीन टीमों ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## सार समाचार

### पायलट ने मिनीमाता की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**राजनांदगांव।** कांग्रेस का वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम में ठा.प्यारेलाल चौक से गुरूद्वारा चौक के मध्य सतनाम भवन स्थित मिनीमाता की प्रतिमा पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैद, डॉ. चरण दास महंत, शिवकुमार डहरिया, मिलखीत सिंह गैंदू आदि वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण की उपस्थिति में छग की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता की प्रतिमा में पुष्पगुच्छ अर्पित कर माल्यार्पण कर मिनीमाता अमर रहे के नारे भी लगाए गए। इस अवसर पर जिला सतनामी सेवा समिति के संरक्षक धनेश पाटिला व जिला सतनामी सेवा समिति के अध्यक्ष युवराज ढिरहेर के मार्गदर्शन व अगुवाई में जिला सतनामी सेवा समिति के वरिष्ठगणमान्य व पदाधिकारी सूर्य कुमार खिलाड़ी, पंकज बांधव, भुनेश्वर बघेल, हर्षिता स्वामी बघेल, डॉ. थानेश्वर पाटिला, कमलेश शांडे, प्रतिमा बंजारे, कमल कुमार लहरे, संजीव कुमार बंजारे, ऋषिराज खरे, अमित देशलहरे, अमित देशलहरे, अंजू, अंजू बंजारे, शिशुपाल भारती आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला सतनामी सेवा समिति के सचिव ऋषिराज खरे ने दी।

### कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत का आज गंडई आगमन



**गंडई पंडरिया।** छत्तीसगढ़ सरकार में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का मंत्री बनने के बाद प्रथम आगमन गंडई में हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी, मंडल गंडई के कार्यकर्ताओं द्वारा मंत्री के स्वागत के लिए भव्य तैयारी की जा रही है। यह कार्यक्रम आज 20 सितंबर शनिवार को दोपहर 12 बजे गंडई मेन चौक में आयोजित किया जाएगा।

### क्रिकेट ट्रॉयल 21 को

**राजनांदगांव।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा जिले की टीम (अंडर-19) के गठन के लिए आगामी 21 सितंबर को दिग्विजय स्टेडियम में चयन प्रक्रिया का आयोजन रखा गया है। चयन प्रक्रिया सुबह 8.30 बजे से प्रारंभ होगी, जिन खिलाड़ियों का जन्म 01 सितंबर 2007 या उससे पहले हुआ हो तथा जिन खिलाड़ियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हुआ है, वे ही इस चयन प्रक्रिया में भाग लेने पात्र हैं, जिन खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है, वे सुबह 10 से 01 बजे व शाम 4 से 5 बजे के बीच आवश्यक दस्तावेज के साथ दिग्विजय स्टेडियम में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। खिलाड़ियों का चयन एसोसिएशन द्वारा नियुक्त चयनकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के सचिव योगेश बागड़ी ने बताया कि उक्त चयन प्रक्रिया से चयनित खिलाड़ियों का सघन प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। शिविर में प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन कर जिले की टीम (अंडर-19) का गठन किया जाएगा, जो छग स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंर्तजिला क्रिकेट चैम्पियनशिप में भाग लेगी। चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए इच्छुक खिलाड़ी क्रिकेट की सफेद ड्रेस एवं स्वयं क्रिकेट किट के साथ उपस्थित होकर शामिल हो सकते हैं। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

### कॉन्फ्लूएंस कॉलेज में हिंदी सप्ताह का आयोजन




**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस कॉलेज राजनांदगांव में 10 से 13 सितंबर तक हिंदी सप्ताह का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति सम्मान, सृजनात्मक और अभिव्यक्ति कौशल को प्रोत्साहित करना था। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में हिंदी भाषा, साहित्य और संस्कृति पर आधारित रचनात्मक विचारों को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में समसामयिक विषयों पर प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए। जिससे उनके चिंतन क्षमता और वक्तृत्व कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन हुआ। प्रश्नोत्तरी एवं पत्र लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ . रचना पांडेय ने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के संवर्धन हेतु प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी और उनके सृजनात्मक योगदान की सराहना करते कहा कि यह आयोजन भाषा के प्रति जागरूकता और सांस्कृतिक गौरव को बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। हिंदी सप्ताह अंतर्गत आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम फलिता, द्वितीय कौशल्या एवं अनामिका तथा तृतीय स्थान पर काजल और हेमा रहे। वाद-विवाद में प्रथम सत्यम और उत्कर्ष तथा द्वितीय स्थान पर रीना एवं चुरामन रहे। प्रश्नोत्तरी में प्रथम उत्कर्ष एवं अनामिका, द्वितीय टिकेश्वरी जयते एवं देव श्रीरावटे व पत्र लेखन में प्रथम उत्कर्ष (कॉन्फ्लूएंस कॉलेज) एवं कमलेश्वरी नेताम (रॉयल कॉलेज), द्वितीय लेमेश्वरी (रॉयल कॉलेज) एवं अशोक कुमार साहू कॉन्फ्लूएंस कॉलेज रहे। इस अवसर पर प्रीति इंदौरकर, विजय मानिकपुरी, राधेलाल देवांगन एवं दिव्या श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### अशोका आईटीआई में 30 तक प्रवेश

**राजनांदगांव।** अशोका प्राइवेट आईटीआई में विभिन्न ट्रेडो जैसे कोपा, स्टेनो इलेक्ट्रीशियन में प्रवेश की तिथि बढ़कर 30 सितंबर तक हो गई है। विदित हो कि पूर्व में यह तिथि 18 सितंबर 2025 निर्धारित थी, परन्तु प्रदेश के विभिन्न शासकीय एवं निजी आईटीआई में बड़ी संख्या में सीटें रिक्त होने के कारण शासन ने उक्त निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के विभिन्न स्नातक महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया पूर्व में ही समाप्त हो चुकी है, जिस कारण विद्यार्थियों के पास आईटीआई में प्रवेश लेने का विकल्प खुला हुआ है। जिससे वे अपना एक साल व्यर्थ हो जाने से बचा सकते हैं। ज्ञातव्य हो कि आईटीआई के विभिन्न ट्रेड कोर्सों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास है।

### कबीर कुटी आश्रम में 21 को रक्तदान शिविर

**राजनांदगांव।** सेवा पखवाड़ा भाजपा ग्रामीण पश्चिम मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर में विशाल रक्तदान शिविर कबीर कुटी आश्रम ग्राम सुंदरा में 21 सितंबर को आयोजन किया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्राम पंचायत सुंदरा सरपंच हिपेंद्र कुमार साहू ने बताया कि रक्तदान शिविर में प्रत्येक रक्तदाता को सम्मान हेलमेट, पेन शिक्षक के नाम, पौधा मां के नाम सभी व्यक्तियों को सम्मान किया जाएगा।जिसका रजिस्ट्रेशन प्रभारी हिपेद्र साहू एवं जितेंद्र साहू है। सुबह 10 से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। भाजपा ग्रामीण पश्चिम मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, महामंत्री बलराम निर्मलकर, सेवा पखवाड़ा प्रभारी मोती देवांगन, हेमदीप साहू, हेमलाल साहू, कोमल टंडन कार्यक्रम की व्यापक तैयारियां कर रहे हैं। रक्तदान शिविर में बालाजी ब्लड बैंक राजनांदगांव मदन साहू अपने सहयोगी टीम के साथ रहेंगे।

## जर्जर भवन गिरने से खतरा टला

# सालों के संघर्ष बाद स्कूल का जर्जर भवन हुआ जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खबर का असर

शहर के वार्ड नंबर चार स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के पुराने भवन को डिस्मेंटल करने की कार्रवाई की गई है। जिससे इस स्कूल परिसर में इस जर्जर भवन के गिरने से हादसे का खतरा दूर हुआ है। इस भवन को डिस्मेंटल करने के लिए वार्ड पार्षद से लेकर शाला विकास समिति ने काफी संघर्ष किया और अब इस भवन को गिरा दिया गया है।

राजनांदगांव शहर के वार्ड नंबर 4 में वर्ष 1957 में बना प्राथमिक शाला का जर्जर भवन कई वर्षों से खंडहर पड़ा था। इस खंडहर भवन को डिस्मेंटल करने के लिए वार्ड के लोगों ने काफी संघर्ष किया। खासकर वार्ड की महिला समूह और पार्षद द्वारा शिक्षा विभाग, राजस्व, तहसील और नगर निगम को कई बार पत्र लिखा गया। स्कूल परिसर में नवीन भवन बनने के बाद भी इस पुराने भवन को डिस्मेंटल नहीं किए जाने के चलते यह बच्चों के लिए खतरा बना हुआ था। इस पुराने भवन की सीमेंट शीट टूट-टूटकर गिर रही थी।

आंधी, तूफान और बारिश में इस भवन के हिस्सों के गिरने का खतरा भी बना हुआ था। इस जर्जर भवन को लेकर हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशित किए जाने के बाद अब इसे डिस्मेंटल कर दिया गया है।



### 15 वर्ष संघर्ष के बाद टूटा जर्जर भवन

नया ढाबा स्कूल परिसर में पुराना भवन होने के चलते बच्चे इस भवन में भी प्रवेश कर जाते थे। ऐसे में कभी भी कोई हादसा हो सकता है। नया ढाबा वार्ड की पार्षद बैनाबाई तुरहाटे और वार्ड के लोगों सहित शाला विकास समिति ने भी कई बार भवन को तोड़ने की मांग की। पार्षद ने नगर निगम के माध्यम से भवन तोड़ने शिक्षा विभाग से एनओसी भी मांगी। शिक्षा विभाग ने अनुविभागीय अधिकारी को 4 अक्टूबर 2024 पत्र लिखकर जर्जर भवन तोड़े जाने को लेकर अनुमति मांगी। वर्ष 2009 से इस जर्जर भवन को तोड़ने बार-बार आवेदन, निवेदन किया जाता रहा। अब इस भवन को तोड़े जाने से स्कूल परिसर का बड़ा खतरा दूर हुआ है।

# गरबा के नाम पर अश्लीलता फूहड़ता बर्दाश्त नहीं : हियुमं

## देवी-देवताओं पर आधारित थीम का भी कड़ा विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हिन्दू युवा मंच जिला इकाई ने आगामी नवरात्र पर्व और नवरात्र के अवसर पर संस्कारधानी नगरी में होने वाले गरबा पंडालों के सभी आयोजनकर्ताओं से गरबा की मर्यादा को ध्यान में रखने और किसी भी आयोजन में देवी-देवताओं के प्रतिकात्मक स्वरूप वाली थीम का प्रदर्शन नहीं करने, छोटे और अंग प्रदर्शन वाली युवतियों को पंडाल के भीतर प्रवेश नहीं देने और फूहड़ बॉलीवुड गीतों को नहीं बजाने की अपील की है। गरबा उत्सव से जुड़ी तमाम गतिविधियों पर इस बार भी हिन्दू युवा मंच की पैनी नजर रहेगी। मंच ने हिदायत दी है कि ऐसे पावन और धार्मिक आस्था से जुड़े आयोजन में फूहड़ता और अश्लीलता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

हिन्दू युवा मंच के जिला प्रभारी किशोर माहेश्वरी के मार्गदर्शन और जिला अध्यक्ष सुरेश लोहमार, शहर अध्यक्ष राजा ताम्रकार और जिला महामंत्री अभिषेक शर्मा के नेतृत्व में हिन्दू युवा मंच ने एक विज्ञप्ति जारी कर गरबा पंडालों से संस्कारधानी के अनुरूप गरबा उत्सव को पारंपरिक और मर्यादित तरीके से मनाने की अपील की है। इसके अलावा धार्मिक तीर्थस्थलों और हिन्दू देवी-देवताओं के प्रतिकात्मक स्वरूप और उनका स्वांग रचने थीम का भी कड़ा विरोध करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी मंच द्वारा गरबा पंडालों को सख्त हिदायत दी थी।

हिदायत के बाद कुछ गरबा पंडालों ने अपनी थीम बदल दी थी तो वहीं कुछ एक गरबा पंडालों ने इसे अनदेखी की थी, जब उन्हें इसकी खबर मिली तो उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्ट्राग्राम पर माफी भी मांगी थी। धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने की यदि इस बार गलती की गई तो उन्हें कड़े विरोध और आंदोलन का सामना करने तैयार रहने की खुली चुनौती दी गई है।

### कथा का समापन आज

**राजनांदगांव।** पितृपक्ष अवसर पर स्व. भोलानाथ नामदेव की पुण्य स्मृति में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 14 से 20 सितंबर तक पुरानी सिविल लाइन राजनांदगांव में मनोरमा (हिमांशु) नामदेव के निवास स्थान में किया जा रहा है। जिसमें कथाचार्य श्री वैष्णोचार्य पं. पुष्पेन्द्र दासाचार्य महाराज (श्रीधाम वृन्दावन) के मुखावृंद से कथा श्रवण कर रहे हैं।

# नांदगांव जिले में अब तक 6069.2 मिमी वर्षा दर्ज

- जिले में आज 62 .7 मिमी बारिश हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2025 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 6069.2 मिमी बारिश एवं औसत 867 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 975.7 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 844.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 1165.6 मिमी, घुमका तहसील में 749 मिमी, छुरिया तहसील में 662.4 मिमी, कुमरदा तहसील में 810 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 862 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 1165.6 मिमी दर्ज की गई है।

इसी तरह 16 सितंबर को राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 62.7 मिमी एवं औसत 9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 21.2 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 4 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 10.2 मिमी, घुमका तहसील में 3.5 मिमी, छुरिया तहसील में 6 मिमी, कुमरदा तहसील में 5.7 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 12.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा डोंगरगढ़ तहसील में 21.2 मिमी दर्ज की गई है।

### जादूटोला में सम्मान समारोह 21 को

**राजनांदगांव।** मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले के ग्राम जादूटोला में आगामी 21 सितंबर को जनजाति विकास एवं उत्थान संगठन के तत्वावधान में कैरियर गाइडेंस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होने जा रहा है। समारोह में कलेक्टर तुलिका प्रजापति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, प्रबुद्धजनों एवं शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा।

आयोजक संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को कैरियर की दिशा में मार्गदर्शन देना एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाओं को समाज के सामने सम्मानित करना है। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों के उपस्थित रहने की संभावना है।

# परमहंस दुर्गा उत्सव समिति मनाएगी 66वां शारदीय नवरात्रि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री परमहंस दुर्गा उत्सव समिति की बैठक शारदीय नवरात्र पर्व की तैयारियों को लेकर रामाधीन मार्ग स्थित समिति कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक समिति के वरिष्ठ संरक्षकों जुगल अग्रवाल, विजय शर्मा, अशोक अग्रवाल, संजय शर्मा, जितेन्द्र जैन, अशोक बाफना और लक्ष्मण लोहिया के सान्निध्य में संपन्न हुई।

### नई कार्यकारिणी की घोषणा

बैठक के दौरान धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी की घोषणा करते प्रतीक अग्रवाल को अध्यक्ष, संयम जैन को उपाध्यक्ष, शुभम शर्मा, आशीष अग्रवाल व चिराग शर्मा को सचिव, संतोष जैन और इशांत शर्मा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

साथ ही विजय शर्मा को पूजा प्रभारी का दायित्व सौंपा गया।

### कार्यक्रमों की रूपरेखा

शुभारंभ कलश स्थापना एवं घट प्रतिष्ठा से होगा। प्रतिदिन सुबह-शाम विशेष आरती एवं पाठ होंगे। प्रतिदिन समिति के दो सदस्य सपरिवार शाम की पूजा-आरती में शामिल होंगे।

संध्याकाल में जस भजन और गरबा-डांडिया का आयोजन होगा। सप्तमी-अष्टमी पर हवन, कन्या पूजन और भव्य महाआरती होगी। नवमी पर विशाल भंडारा एवं प्रसाद वितरण होगा। दशमी को शोभायात्रा व विसर्जन के साथ महोत्सव का समापन होगा।

समिति अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल ने कहा कि यह 66वां वर्ष हमारे लिए गौरव का विषय है। समिति का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन करना नहीं, बल्कि समाज को एकता, सद्भाव और सेवा की भावना से जोड़ना है। इस बार महोत्सव को और भी भव्य रूप देने का प्रयास किया जाएगा। प्रतिदिन समिति के दो सदस्य सपरिवार शाम की पूजा-आरती में शामिल होंगे।

# रजत जयंती पर कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, विस्तार गतिविधि एवं एल्युमनी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर कार्यशाला, पोस्टर, क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता, एल्यूमिनी भाषण, एल्यूमिनी मीट, प्रश्नोत्तरी, रैली जैसे विभिन्न आयोजन ग्राम पंचायत पर्रीकला एवं कॉलेज परिसर में संपन्न हुआ।

प्रो.विजय मानिकपुरी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों के सफर में छत्तीसगढ़ ने संसाधनों के अभाव में उठकर आत्मनिर्भरता और प्रगति की राह पर अग्रसर हुआ है। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम पंचायत पार्रीकला, जिला पुलिस विभाग एवं भूतपूर्व विद्यार्थियों के साथ मिलकर कार्य संपादित किया गया है। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने बताया कि छत्तीसगढ़ की विकास की झलक को छात्रों ने प्रतियोगिता-जागरूकता जैसे रैली नुक्कड़ और पोस्टर से जन-जन तक चर्चा द्वारा प्रस्तुत किया। महाविद्यालय में पखवाड़े के रूप में इस सफर का रजत जयंती के 25 वर्षों की यात्रा के रूप में प्रदर्शित किया गया। जिसमें आयुष्मान भारत योजना, साक्षरता की स्थिति,



स्वच्छता की महत्वता, नशामुक्ति अभियान, यातायात जागरूकता, साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा जैसे विभिन्न मुद्दों पर एनएसएस की टीम ने गतिविधियों को पूर्ण किया। विशेष रूप से जिला पुलिस विभाग से एक दिवसीय वर्कशाला आत्म-सुरक्षा शिविर एवं जागरूकता अभियान किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में सब इंस्पेक्टर गीतांजलि सिन्हा, सब इंस्पेक्टर शारदा बंजारे, रेनू मेश्राम, कौशल्या साहू, पुरण वर्मा, गोपेंद्र चैहान एवं पुलिस की टीम ने विशेष आयोजन किया। गोदग्राम में नुक्कड़ नाटक द्वारा विकसित छत्तीसगढ़ का रोड मैप विकास की असीम संभावनाओं, कौशल अनुरूप रोजगार निर्माणजैसे विभिन्न मुद्दों पर छात्रों ने रैली निकालकर नुक्कड़ नाटक किया। कार्यशाला में प्राचार्य डॉ. विष्णु प्रसाद शर्मा, जैन मैडम, कंवर मैडम, जेम्स मैडम की विशेष भूमिका रही।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

- विस अध्यक्ष ने दिलाई शपथ, मंदिर परिसर में वृक्षारोपण

**राजनांदगांव।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 का आयोजन नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। सुपर स्वच्छता लींग कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छोत्सव-स्वच्छ एवं हरित उत्सव प्रसंग पर स्वच्छता पखवाड़ा के शुभारंभ अवसर पर बुधवार को महापौर मधुसूदन यादव, जनप्रतिनिधियों, पार्षदों, अधिकारी-कर्मचारियों, स्वच्छता दीदीयों व सफाई मित्रों ने सिद्ध पीठ मां शीतला माता मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई किया। सफाई के अंतर्गत बूढ़ासागर के किनारे साफ-सफाई कर झिल्ली-पन्नी उठाया गया।

वहीं एक पेड़ मां के नाम के लिए महापौर यादव, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन, विधायक प्रतिनिधि तरूण लहरवानी समेत शैकी बग्गा, राजेश जैन रानू, राजा माखीजा, वर्षा सिन्हा, शिव वर्मा, कमलेश बंधे, रवि सिन्हा, अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, प्रियंका कुरंजेकर, चंद्रशेखर लश्करे, देवेन्द्र मोहन लाला, शरद सिन्हा, बलवंत साव, हकीम खान, पंकज कुरंजेकर, राजेश यादव ने मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपित किए।

स्वच्छता अभियान के प्रथम दिन साफ-सफाई के अलावा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, निगम पदाधिकारियों, अधिकारी-कर्मचारियों तथा स्वच्छता दीदीयों को स्वच्छता ही सेवा का शपथ दिलाया। आज एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण बहुत जरूरी है।



महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि मोदी की सोच के अनुसार पिछले कई वर्षो से स्वच्छता अभियान चल रहा है। जिसका अच्छा परिणाम आया और लोगो में स्वच्छता के प्रति जागरूकता आई। नगर निगम आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि आज स्वच्छता ही सेवा अभियान प्रारंभ हो गया है, जो 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती तक चलेगा। इस अवसर पर दीपक खाण्डे, राजेश मिश्रा सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता दीदी तथा सफाई मित्र उपस्थित थे।

# शिविर में श्रमिकों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ के रजत महोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में 19 सितंबर को जिले में श्रमिकों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने आईबी ग्रुप (एबीस फूड्स एंड प्रोटीन्स प्रा.लि.) के कॉर्पोरेट ऑफिस ग्राम इंदामारा में श्रमिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन जिला श्रम विभाग और आईबी ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा द्वारा फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। सुबह 10 से शाम 5 बजे तक चले इस शिविर में जिले के औद्योगिक क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों के श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान रामकृष्ण हॉस्पिटल रायपुर के डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ ने श्रमिकों का रूटीन हैल्थ चैकअप, रक्तचाप और शुगर जांच और एएसजी हॉस्पिटल रायपुर द्वारा आंखों की जांच कर श्रमिकों को आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं दवाइयों की सुविधा भी प्रदान की। कार्यक्रम में कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा एवं श्रम विभाग के कई



### नियमित रूप से किए जाएंगे शिविर

जिला श्रम विभाग राजनांदगांव के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि जिले के सभी श्रमिक स्वस्थ और सुरक्षित रहें। आईबी ग्रुप और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से यह पहल सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

### 800 श्रमिकों ने लिया लाभ

इस पहल का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों की सेहत में सुधार लाना, उनकी कार्य क्षमता बढ़ाना और समय पर स्वास्थ्य समस्याओं का निदान करना था। अधिकारियों ने श्रमिकों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य और कामकाज से जुड़े मुद्दों की जानकारी ली और सभी श्रमिकों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सुझाव दिए। शिविर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से लगभग 800 श्रमिकों ने स्वास्थ्य लाभ लिया।

### त्वरित मिले उपचार

श्रमिकों को संबोधित करते अतिथियों व अधिकारियों ने श्रमिकों को एक स्वर में कहा कि आपको अपने स्वास्थ्य की निरंतर जांच करते रहना चाहिए, ताकि आप सभी एक स्वस्थ जीवन का संचालन कर सकें। कलेक्टर ने चर्चा में ऑनलाइन मेडिकल रिकॉर्ड रखने की बात कही, ताकि भविष्य में किसी श्रमिक को आवश्यकता पड़ने पर पुरानी जांच के अनुसार उन्हें त्वरित उपचार मिल सके।

# गरबा की तैयारियां अंतिम चरणों में, नहीं बजेगा डीजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कारधानी गरबा उत्सव समिति ने इस वर्ष होने वाले गरबा उत्सव 2025 को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। समिति ने सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन करते शिवनाथ वाटिका में होने वाले इस आयोजन में डीजे नहीं बजाने का फैसला किया है। गरबा उत्सव पूरी तरह धार्मिक और पारंपरिक माहौल में संपन्न होगा।

समिति पदाधिकारी अवंत अग्रवाल और राहुल चोपड़ा ने बताया कि नवरात्रि पर्व आस्था का प्रतीक है। आयोजन में गरबा के साथ माता रानी की पूजा, ज्योति और जंवारा की स्थापना की जाएगी। हर साल की तरह इस बार भी प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार, ट्रॉफी, गिफ्ट वाउचर और मूवी टिकट जैसे आकर्षक इनाम दिए जाएंगे।समिति अध्यक्ष कांत अग्रवाल ने कहा कि प्रशासन द्वारा निर्धारित सभी नियमों का पूरी तरह पालन किया जाएगा। सुरक्षा के लिए बाउंसर और वालंटियर तैनात रहेंगे। सभी गरबा प्रेमियों को तिलक लगाकर ही प्रवेश दिया जाएगा। साथ ही अपील की गई है कि प्रतिभागी मर्यादित और पारंपरिक भारतीय वेशभूषा में ही गरबा करें।22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक शिवनाथ वाटिका में आयोजित इस सबसे बड़े गरबा उत्सव में सिलेब्रिटी बैंड काफिला ग्रुप अपनी प्रस्तुति देगा।

## सार समाचार

### दीवानटोला में रजत महोत्सव आयोजित

**राजनांदगांव।** ग्राम दीवानटोला शा.बालक छात्रावास, शा.प्रा.शाला दीवानटोला में एसबीआई फाउंडेशन व एसबीआई एसजी ग्लोबल एवं शिखर युवा मंच के सहयोग से छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती महोत्सव पर एमएमयू (मोबाइल मेडिकल यूनिट) टीम द्वारा शासकीय बालक छात्रावास में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों और स्थानीय समुदाय को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें प्राथमिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम की शुरूआत उत्साहपूर्ण वातावरण में की गई। जिसमें छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। एमएमयू की चिकित्सा टीम द्वारा बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य जांच, बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, सिकल सेल, मलेरिया आदि की जांच की गई। साथ ही स्वास्थ्य से जुड़ी आवश्यक जानकारियां भी प्रदान की गई।



संजीवनी टीम द्वारा संतुलित आहार, स्वच्छता और जीवनशैली से जुड़ी महत्वपूर्ण बातों पर प्रकाश डाला और छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी कई उपयोगी टिप्स दिए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रमों की भी जानकारी दी गई।
छात्रावास प्रमुख ने एमएमयू संजीवनी टीम का आभार व्यक्त करते कहा कि "ऐसे कार्यक्रम बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। हमें गर्व है कि छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत हमारी संस्था भी स्वास्थ्य जागरूकता की इस मुहिम का हिस्सा बनी। शिविर को सफल बनाने में जिला समन्वयक योगेश चौहान, डॉ. ईश्वरलाल यादव, स्टाफ नर्स शशि साहू, लैब टेक्नीशियन आशीष साहू, फार्मासिस्ट डालेश्वर उईके एवं पायलट निखिल सहारे की अहम भूमिका रही।

### कलेक्टर ने सुनी शिकायत एवं समस्याएं

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना। कलेक्टर भुरे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने निर्देशित किया। जनदर्शन में वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, आबादी पट्टा, नामांतरण, अतिक्रमण हटाने, ऑनलाइन राजस्व रिकार्ड दुरूस्त करने, आधार कार्ड में अपडेशन सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थी।



### जनता के दुख पर राजनीति करने की आदी कांग्रेस

**राजनांदगांव।** बजरंगपुर-नवागांव की घटना पर राजनीति करने वाले कांग्रेस नेताओं पर भाजपा ने करारा हमला बोला है। भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि कांग्रेस की आदत बन चुकी है कि हर संवेदनशील घटना को अपने राजनीतिक फायदे के लिए भुनाए। कांग्रेस नेता भागवत साहू का बयान उनकी हताशा और बौखलाहट को दर्शाता है। श्री राजपूत ने कहा कि कांग्रेस बार-बार यह भूल जाती है कि जनता ने उसे सत्ता से बाहर क्यों किया था। भ्रष्टाचार, कुशासन और परिवारवाद की राजनीति ने कांग्रेस को देश और प्रदेश की जनता के बीच बेनकाब कर दिया। कांग्रेस शासनकाल में इतना भ्रष्टाचार फैला कि आज भी उनके समय के आईएएस और आईपीएस अधिकारी जेल की सलाखों के पीछे हैं। यहां तक उस समय के मुख्यमंत्री का पुत्र भी जेल की सजा काट रहा है और उनके मंत्री भ्रष्टाचार के मामलों में जेल में बंद है। यही कांग्रेस का असली चेहरा है।



### कमला कॉलेज में हिन्दी दिवस पर प्रभावी परिचर्चा



**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के हिन्दी विभाग में 15 सितंबर को प्रभारी प्राचार्य डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हिन्दी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव ने कहा कि हिन्दी सरल, सुबोध और सरस भाषा है, विशेषकर विद्यार्थियों के लिए इस विषय में अधिक अंक प्राप्त करना आसान होता है तथा सार्वजनिक अभिव्यक्ति के लिए आसान अवसर प्राप्त होते हैं। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ. शंकरमुनि राय ने कहा कि हमें व्यवहारिक हिन्दी पर विशेष ध्यान देना चाहिए। बोलचाल में हम हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग करें और शुद्ध हिन्दी लिखने, पढ़ने और बोलने का हमें हमेशा प्रयास करना चाहिए। हिन्दी भाषा के विकास पर भी डॉ. शंकरमुनि राय ने विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ. हरप्रीत कौर गरचा ने हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। प्राध्यापक आबेदा बेगम ने कहा कि देश धरती में सर्वाधिक बोली जानी वाली भाषाओं में हिन्दी का स्थान है। इस अवसर पर श्रेया देवांगन, चांदनी साहू, खुशबू रंगारी, प्रज्ञा बाम्बेश्वर, शोभा आदि छात्राओं ने संगोष्ठी में कविता एवं भाषण प्रस्तुत किया। डॉ. बृजबाला उइके ने संगोष्ठी का संचालन करते कहा कि हिन्दी की उपयोगिता एवं महत्व को समझते हमारे संविधान निर्माताओं ने 14 सितम्बर 1949 को हिन्दी को भारतीय संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। यह समूचे भारत के लिए राष्ट्रीय गौरव का दिन था। इसी कारण समूचे भारत वर्ष में प्रत्येक 14 सितंबर का दिन हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। संगोष्ठी में कामिनी देवांगन, प्रिया तलरेजा, गीता साहू, डॉ. पूजा चौधरी, डॉ. खुशबू राजपूत उपस्थित रहे। संगोष्ठी में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### प्रत्येक शुक्रवार को निःशुल्क शिविर

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा माह सितम्बर के प्रत्येक शुक्रवार 12, 19 एवं 26 सितंबर को वार्ड क्रमांक 6 चिखली स्थित आयुष पॉलीक्लीनिक राजनांदगांव में गुदगत रोगों (एनोरेक्टल डिजिस) से पीड़ित मरीजों के लिए निःशुल्क स्क्रीनिंग एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शिविर का लाभ लेने की अपील की गई है।

# बीहड़ गांवों में संचार क्रांति, 11 परिवारों के लिए खुला डाकघर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के एक छोटे से गाँव सुडियाल जो मानपुर ब्लॉक के कोराचा पंचायत का आश्रित गांव है।जहाँ सड़क भले न पहुँची हो, पर कलेक्टर तथा पुलिस कप्तान कि पहल से विकास की एक किरण ज़रूर पहुँच गई हैं। महज ग्यारह घरों का यह पहाड़ी से घिरा हुआ गांव आज डाकघर की सुविधा से जुड़कर मुख्यधारा का हिस्सा बन गया है।

उल्लेखनीय है कि चारों ओर घने जंगल और पहाड़ियों से घिरे सूडियाल गाँव में पहुंचने के लिए न तो सड़कें है और न गांव मे किसी का पक्का मकान है। यहाँ के लोगों को, ख़ासकर बुजुर्गों और महिलाओं को, पेंशन या पैसे निकालने के लिए 15 किलोमीटर दूर उबड़ खाबड दुर्गम रास्तो से होकर मानपुर मुख्यालय तक पैदल या जैसे-तैसे जाना पड़ता था लेकिन अब, जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर तूलिका प्रजापति एवं पुलिस अधीक्षक वाईपी सिंह के पहल पर सरकार से स्वीकृति मिलने के पश्चात एक बांस की झोपड़ी में ही डाकघर खुल गया है।यह सिर्फ़ चिट्ठी-पत्री के लिए नहीं है, बल्कि गाँव वालों को बैंकिंग, पेंशन और सरकारी योजनाओं जैसे पीएम उज्वला और किसान सम्मान निधि से भी जोड़ रहा है।गाँव के लोग अब अपने घर के पास से ही बैंक की तर्ज पर रुपयों का लेनदेन कर सकेंगे, खाते की जानकारी ले सकते हैं और जरूरी आवेदन भी कर सकते हैं।

#### हमारे लिए सपना

सुडियाल गांव के महिला पुरुष ग्रामीणों का कहना है की यह हमारे लिए सपना जैसा है, पहले पैसा निकालने व खाता खुलवाने के लिए ब्लॉक मुख्यालय मानपुर जाना पड़ता था अब पोस्ट ऑफिस के जरिए पैन कार्ड के साथ साथ बैंक की सुविधा डाकघर के रूप में उन्हें अपने गांव और घर के पड़ोस में मिल गया है।



#### दूर होगी तकलीफ

कलेक्टर तुलिका प्रजापति का कहना है कि वर्तमान मे जिले मे बीस नए पोस्ट ऑफिस खुले है।पहले आम लोगो को पैसे निकालने और जमा करने बहुत दूर जाना पढ़ता था।

#### 20 गांव को मिली सौगात

पिडिगपार,ततोडा,अडमागोंदी,बिटेझर,परेवाडीह,पेदाकोडो ,उरवाही,परेवाडीह, हराटोला,मडीयानवाडवी, मानपुर विकासखंड के शारदा, चिचवाही,मेढा, संबलपुर, मदनवाडा,मुचर,घोडागांव,बसेली,हथरा,सुडियाल, गोपलिनचुवा गांवों में भारतीय डाक सेवा शुरू हो गया है।

#### विकास की धार

एमएमसी जिले के एसपी वाईपी सिंह ने कहा कि डाकघर खुलने से ग्रामीणों को न सिर्फ़ वित्तीय सुविधा मिली है, बल्कि ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी भी समय पर मिल रही है। यह छोटा सा कदम, सुडियाल के ग्रामीणों के जीवन में एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव ला रहा है।

## स्वादिष्ट और मनोरंजक रहा अग्रसेन आनंद मेला

# बाइक रैली में गूंजे जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अग्रसेन आनंद मेला का आयोजन गुरुवार शाम स्थानीय शिवनाथ वाटिका में किया गया। मुख्य अतिथि शोभादेवी कमलनारायण अग्रवाल ने इसका उद्घाटन किया। इससे पहले अग्रवाल नवयुवक मंडल तथा अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में अग्रसेन भवन से बाइक रैली निकाली गई। जिसमें अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों, समाज के वरिष्ठ सदस्यों, महिलाओं एवं युवक-युवतियों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। धर्मध्वजा थामे भगवान श्री अग्रसेन के जयकारे के साथ नगर भ्रमण करते यह रैली शिवनाथ वाटिका पहुंची, जहां इसका समापन हुआ।



#### आज की प्रतियोगिता

कल 20 सितंबर को विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित है। जिसमें महिला मंडल द्वारा बच्चों की दौड़, रिंग दौड़, जोड़ी बनाओ, अपनी मम्मी के लिए निबंध, अग्रसेन पर स्लोगन बोलो, आई डोनेशन पर लेख एवं ड्राईंग, लक्की ड्रा एवं 1 मिनट गेम्स। यह सभी प्रतियोगिता अलग-अलग आयु समूह के बच्चों के लिए होगी। नवयुवक मंडल द्वारा मटका फोड़ प्रतियोगिता (जूनियर, सीनियर एवं महिला) आयोजित की जाएगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने दी।

#### जादूगर ने दिखाया करतब

अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया, सचिव चैतन्य अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सूरज अग्रवाल, मेला प्रभारी हर्षित अग्रवाल एवं आदित्य लोहिया ने बताया कि मेला स्थल पर सपरिवार पहुंचकर लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ हाऊजी तथा अन्य मनोरंजक कार्यक्रमों का लुत्फ उठाया। जादूगर ने हैरान कर देने वाले करतब दिखाते अपने शो में लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। मिकी माऊस तथा ट्रेम्पोलिन ने बच्चों को आकर्षित किया। आनंद मेले में श्रेष्ठ स्टाल सजावट का पुरस्कार शौर्य गोयल तथा श्रेष्ठ स्वनिर्मित पकवान का पुरस्कार शुभ अग्रवाल को प्रदान किया गया।
अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल व सचिव आलोक बिंदल ने बताया कि जयंती महोत्सव को लेकर समाज में काफी उत्साह है। रोजाना होने वाले कार्यक्रमों में महिला, पुरूष एवं बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

## गणेश समितियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में गणपति बप्पा की भव्य झांकियों और उत्सव की धूम रही। इन आयोजनों को सफल बनाने में जुटी गणेश उत्सव समितियों का मनोबल बढ़ाने विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से नगर निगम टाउन हॉल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में शहर की 128 गणेश उत्सव समितियों को सम्मानित किया गया। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री नंदूराम साहू ने कहा कि गणेश मूर्तियों को पारंपरिक और सनातन परंपराओं के अनुरूप तैयार किया जाना चाहिए।

प्रांत मंत्री विभूतिभूषण पांडे ने विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की स्थापना, उद्देश्यों और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका की जानकारी देते समितियों से जुड़ने का आह्वान किया।

इस अवसर पर प्रांत विधि प्रकोष्ठ प्रमुख अरूण गुप्ता, संगठन मंत्री कन्हैया कुंदन, विभाग मंत्री अनूप श्रीवास, विभाग सह मंत्री प्रशांत दुबे, विभाग सह-संयोजक सुनील सेन, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, जिला मंत्री त्रिगुण सादानी, जिला कोषाध्यक्ष लव कुमार मिश्रा, जिला संयोजक राहुल बलदेव मिश्रा, जिला सह संयोजक अंशुल कसार, समरसता प्रमुख बाबाजी बौद्ध, नगर अध्यक्ष शिव वर्मा, नगर मंत्री अंकित खंडेलवाल, नगर संयोजक मोहित यादव, गौरक्षा प्रमुख प्रिंस हाथीबेड, नगर सह-संयोजक गौरव शर्मा सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्रमदान कर की साफ सफाई

**राजनांदगांव।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छोत्सव-स्वच्छ एवं हरित उत्सव प्रसंग के लिए स्वच्छता अभियान में सहभागी बनने सामाजिक संस्थाए बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।



इसी कड़ी में गुरुवार को संत निरंकारी मंडल के संयोजक रूपलाल राजवानी, सेवादल संचालक बलीराम साहू तथा सदस्यों ने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, कृषि उपज मंडी के पूर्व उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य शैंकी बग्गा, राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य राजा माखीजा, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, पार्षद कमलेश बंधे, रवि सिन्हा, सतीश साहू, शरद सिन्हा व विजय राय, नादान सेन, संतोष निर्मलकर, ओमप्रकाश सिन्हा एवं निगम के स्वास्थ्य अमला के साथ श्रमदान कर त्रिवेणी परिसर तथा झुलेलाल घाट के आसपास साफ-सफाई किया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम के तहत त्रिवेणी परिसर के पास वृक्षारोपण किया।

## महाविद्यालयों में कम हो रही विद्यार्थियों संख्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति के तहत सेमेस्टर प्रणाली लागू होने से विद्यार्थियों और प्राध्यापकों दोनों को ही चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस नीति के तहत विद्यार्थियों को प्रत्येक सेमेस्टर में परीक्षा देनी होती है। जिससे उन्हें कोर्स कम्प्लीट करने-कराने में मुश्किलें आ रही है। प्रत्येक वर्ष टीसी लेने वाले विद्यार्थियों के आंकड़ों में भी वृद्धि हो रही है। महाविद्यालय की पूरी पढ़ाई किए बिना ही आधी पढ़ाई कर विद्यार्थियों की महाविद्यालय छोड़ने की संख्या भी बढ़ रही है। विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में है।



#### बर्बाद हो रहा भविष्यः शास्त्री

छात्रसंघ पूर्व अध्यक्ष ऋषि शास्त्री ने बताया कि प्राध्यापकों को पाठ्यक्रम को प्रभावी ढंग से पूरा करने और विद्यार्थियों को पढ़ाई में रूचि दिलाने कड़ी रणनीति बनानी होगी। पढ़ाई छोड़ देने से विद्यार्थी का भविष्य खराब हो रहा है, इसलिए आंकड़ों को संज्ञान में लाकर निष्कर्ष निकालने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय प्रशासन को चाहिए कि वे इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करें और आवश्यक कदम उठाएं, ताकि विद्यार्थियों की संख्या में कमी न हो और प्राध्यापकों को कोर्स कम्प्लीट कराने में मुश्किलें न आएं। पुरानी नीति के बताय नई शिक्षा नीति में विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम में तकनीकी विलंब होना और परिणाम भी अनुकूल न रहना भी एक अहम समस्या बनी हुई है, इसलिए आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता है।

#### इस वर्ष भी करनी होगी मशक्कत

महाविद्यालयो में तीन दफे ओपन काउंसलिंग के बाद भी जुलाई माह के अंतिम तक भर जानी वाली सीटें सितंबर में भी रिक्त है। ऐसे में नई शिक्षा नीति के तहत पढ़ाई करने विद्यार्थियों की रूचि पर भी सवाल उठ रहे हैं। समय के अभाव और सेमेस्टर प्रणाली के कारण प्राध्यापकों को कोर्स कम्प्लीट कराने में मुश्किलें आ रही है। प्राध्यापकों और विद्यार्थियों की भागीदारी को बढ़ावा देने से ही इस चुनौती का सामना किया जा सकता है। जबकि समय के अभाव और कोर्स लोड़ बढ़ जाने की वजह से आंतरिक परीक्षा और सेमेस्टर की परीक्षा में भी मुश्किलें भी बढ़ती जा रही है।
विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम जारी करने को लेकर भी कई शिकायतें हैं।

## सेवा रथ को झंडी दिखाकर किया रवाना

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा के तहत जिला पंचायत सदस्य व सभापति महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण शिला सिन्हा ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन सेवा रथ को जिला कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



जिपं सदस्य श्रीमती सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री देश की जनता की सेवा के लिए प्रतिपल तत्पर रहते हैं। उन्होंने दिव्यांगजन सेवा रथ के उद्देश्य की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

उप संचालक समाज कल्याण वैशाली मरड़वार ने बताया कि दिव्यांगजन सेवा रथ के माध्यम से छुरिया विकासखंड के ग्रामीण अंचल में दिव्यांगजनों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उपसंचालक वैशाली ने बताया कि आगामी दिनों में दिव्यांगजन सेवा रथ विकासखंड छुरिया, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, राजनांदगांव के ग्राम पंचायतों एवं आश्रित ग्रामों में भ्रमण करेगी। सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत दिव्यांगजन सेवा शिविर का आयोजन 20 सितम्बर को जनपद पंचायत डोंगरगढ़, 26 सितंबर को जनपद पंचायत डोंगरगांव, 27 को जनपद पंचायत छुरिया एवं 28 को जनपद पंचायत राजनांदगांव में किया जाएगा।

## 21 को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ पुस्तक का विमोचन भी

आगामी 21 सितंबर को शाम 7 बजे से मंगल भवन बाजार लाइन छुईखदान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर पुस्तक महंत बने महाराजा (लेखक नरेश कुमार स्वामी निंबार्क) का विमोचन और नौ रत्नों का सम्मान किया जाएगा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि छुईखदान नगर पंचायत अध्यक्ष रानी नम्रता देवी व अध्यक्षता छुईखदान रियासत के राजा और पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गिरिराज किशोर वैष्णव करेंगे। विशिष्ट अतिथि बैरागी समाज छुईखदान के अध्यक्ष राजकुमार देवराज किशोर वैष्णव होंगे। विशेष अतिथि समाजसेवी लखनलाल वैष्णव (रायपुर), समाजसेवी मधु किशोरी वैष्णव (पंडरिया) और अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण समाज छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जितेन्द्र किशोर वैष्णव (छुईखदान) उपस्थित रहेंगे। सम्मान समारोह और कवि सम्मेलन के पूर्व नरेश कुमार स्वामी निंबार्क द्वारा लिखित पुस्तक महंत बने महाराजा का विमोचन किया जाएगा।

अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय कवि प्रमोद रामावत प्रमोद (नीमच), छत्तीसगढ़ के प्रख्यात सजलकार विजय कुमार राठौर (जांजगीर चांपा), राज्य पुरस्कार से अलंकृत लोकप्रिय शायर अब्दुस्सलाम कौसर (राजनांदगांव), राष्ट्रीय कवि संगम से जुड़े पं. महेश शर्मा (रायपुर), सुपरिचित गीतकार अनुराग किशोर सक्सेना (राजनांदगांव), नई कविता के सशक्त हस्ताक्षर मुन्ना बाबू (राजनांदगांव) और वरिष्ठ पत्रकार और लेखक वीरेन्द्र बहादुर सिंह (छुईखदान) काव्य पाठ करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक नरेश कुमार स्वामी निंबार्क (हरियाणा) और सह-संयोजक जय जगन्नाथ सेवा समिति छुईखदान ने इस कार्यक्रम में काव्य प्रेमियों से शामिल होने की अपील की है।

0 राजनांदगांव। देश के प्रत्येक परिवार के सिर पर पक्की छत हो, इस सोच को साकार करने प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। क्रियान्वयन की इस कड़ी में छत्तीसगढ़ शासन की संवेदनशील पहल मोर मकान मोर आस योजना के तहत आम आदमी के आवास का सपना साकार करने किरायेदारों के रूप में निकाय क्षेत्र के परिवारों को उनका स्वयं का अपना आवास मात्र लागत मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है।












# पिपरिया महाविद्यालय में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया

## हिन्दी भाषा के महत्व, प्रसार और प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया




नगर पंचायत पिपरिया स्थित महंत श्री रामजानकी शरण दास वैष्णव शासकीय स्नातक महाविद्यालय पिपरिया में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिन्दी भाषा के महत्व, प्रसार और प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान आयोजित की गई, जिसमें मुख्य वक्ता अजय चंद्रवंशी एवं विशिष्ठ वक्ता महेश आमदे (सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं साहित्यकार) उपस्थित थें। मुख्य वक्ता द्वारा हिन्दी भाषा के महत्व, प्रसार और प्रासंगिकता के विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया गया एवं छात्र छात्राओ को साहित्य लेखन हेतु प्रेरित किया। महेश आमदे ने कहा कि हिंदी भाषा संपूर्ण भारत को एकता के सूत्र में पिरोया हुआ है साथ ही हिंदी भाषा के उद्भव विकास के संबंध में जानकारी प्रदान किए। प्राचार्य डॉ एसके श्रीवास ने कहा ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अवसर प्रदान करते है। डॉ ममता दुबे ने मुख्य अतिथियों का संक्षिप्त परिचय देते हुए उनके साहित्य रचनाएं, सम्मान पर प्रकाश डाला। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष सत्येंद्र चंद्रवंशी ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को हिन्दी दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। यह कार्यक्रम हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित की गई जिसका संचालन सीआर साहू द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में बृजभूषण वर्मा सहायक प्राध्यापक, डॉ दिनेश टंडन, डॉ सरस्वती राठौर, दान दिवाकर, चंद्रप्रकाश सोनी, श्रीमती नंदनी टंडन एवं समस्त प्राध्यापकगण व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

## पहली बार एक साथ 51 शक्तिपीठ साथ में नवदुर्गा प्रतिमा स्थापना की जाएगी



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड कवर्धा के ग्राम नेवारीगुड़ा, दुल्लापुर, कारीमाटी के पावन धरती पर विराजमान होंगे, 51 शक्तिपीठ और 09 दिव्या मां दुर्गा की प्रतिमाएं, जहां आस्था बनेगी उत्सव श्रद्धा बनेगी शक्ति और भक्ति गूंजेगी। हर दिशा में इस विशाल धार्मिक महोत्सव में पधारेंगे विश्व विख्यात कलाकार और देंगे अद्वितीय धार्मिक प्रस्तुतियां जो बांध देगी हर हृदय को आराधना में बनिए साक्षी इस आस्था के महापर्व और श्रद्धा के महासंगम के मां महामाया दुर्गा उत्सव समिति, समस्त ग्रामवासी नेवारीगुड़ा, दुल्लापुर कारीमाटी एवं समस्त क्षेत्रवासी जानकारी आचार्य प्रशांत शर्मा दुल्लापुर वाले के द्वारा प्राप्त हुआ कि नवरात्रि महापर्व 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक रहेगा। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस समय अभी नेवारीगुड़ा में 51 नवदुर्गा का प्रतिमा नवरात्रि में दिखेंगे जिसकी तैयारी जोरों से की जा रही है अलग-अलग दिन एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी होगा, जो इन क्षेत्रों में सुर्खियों में बने हुए हैं। इस नवरात्रि में आसपास के ग्रामीणों में इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है।







# रजत जयंती पर जन-जागरूकता रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶पाण्डातराई





छत्तीसगढ़ राज्य गठन की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर वर्ष 2025-26 को रजत जयंती वर्ष बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पंचायत पाण्डातराई द्वारा गुरुवार को 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर में स्वच्छता रैली निकालकर की गई, जन जागरूकता रैली में नगर पंचायत कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और स्कूली बच्चों ने हाथों में तख्तियां, बैनर और नारे लगाते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। रैली वार्ड क्रमांक 04 बीएसएनएल टावर के पास पहुंची, जहां विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। तत्पश्चात नगर पंचायत कार्यालय भवन में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, पार्षदों और नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। साथ ही नगर के तालाबों एवं धार्मिक स्थलों पर श्रमदान कर सफाई की गई। इससे पूरे नगर में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता का सकारात्मक वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी अभिषेक सिंह ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की आदत है। यदि हर नागरिक प्रतिदिन कुछ समय नगर की स्वच्छता पर ध्यान दे तो हमारा नगर आदर्श बन सकता है। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरिता सोनी ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। स्वच्छता के लिए हर नागरिक का योगदान आवश्यक है। वहीं उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर ने कहा कि आज की यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए संदेश है कि स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। कार्यक्रम में सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष अजय गिरी, समाजसेवी दिनेश गुप्ता, शिवसहाय गुप्ता सहित पार्षद, कर्मचारी और बड़ी संख्या में नगरवासी गण उपस्थित थे।












**उपलब्धि:** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया

# तरेगांव जंगल को सीएचसी व राजानवागांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का होगा उन्नयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले ने स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में एक और एक कदम आगे बढ़ाया है। जिले के शहरी इलाकों से लेकर दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में सरकार की पहल लगातार जारी है।

विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा की सक्रियता के चलते जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा और गुणवत्ता दोनों ही तेजी से बढ़ रहे हैं। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल एवं प्रयासो से कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम राजानवागांव में संचालित उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रर में उन्नयन की स्वीकृति प्रदान की है।

इसी प्रकार बोड़ला विकासखंड के विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति बाहुल्य क्षेत्र तरेगांव जंगल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उन्नयन की स्वीकृति मिली है। इससे जिले में अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या 24 और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो की संख्या 6 से बढ़कर 7 हो जाएगी। इस स्वीकृति बाद कबीरधाम जिले में खुशी की लहर है। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने इसका स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इसे कबीरधाम को स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निर्णायक पहल बताया है।

### अस्पताल के उन्नयन के साथ-साथ 49 नए पदों की भी मिली स्वीकृति



राज्य शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार अस्पतालों के उन्नयन के साथ-साथ नए पदों की भी स्वीकृति दी गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 37 पद और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 12 पद मंजूर हुए हैं। इस तरह कुल 49 पदों को स्वीकृति दी गई है। इनमें खंड चिकित्सा अधिकारी, मेडिकल विशेषज्ञ, सर्जिकल विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सा विशेषज्ञ, चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग सिस्टर, लैब टेक्नीशियन, रेडियोग्राफर, ओटी टेक्नीशियन, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी, स्टाफ नर्स, डेंटल असिस्टेंट, सहायक ग्रेड-2, फार्मासिस्ट ग्रेड-02, सहायक ग्रेड-3, डेसर ग्रेड-1, डेसर ग्रेड-2, वाहन चालक, वार्ड ब्वाय, आया, भृत्य, धोबी, चौकीदार और स्वीपर तक सभी आवश्यक पद शामिल हैं। इन नियुक्तियों से स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और गुणवत्ता में बड़ा सुधार आएगा।

### ग्रामीण और वनांचल क्षेत्र को मिलेगी बेहतर सुविधाएं

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि अस्पतालों के उन्नयन से कबीरधाम को स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक निर्णायक पहल है। सरकार का उद्देश्य है कि हर ग्रामीण और वनांचल क्षेत्र के नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं समय पर उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि राजानवागांव उप स्वास्थ्य केन्द्र अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बन जाएगा और बोड़ला ब्लॉक के बैगा बाहुल्य तारेगांव जंगल का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में काम करेगा। इससे उन आदिवासी परिवारों को बहुत राहत मिलेगी, जिनके घर में बीमार पड़ने पर मरीज को शहर लाने में ही आधा दिन बीत जाता था। अब इलाज पास में ही मिलेगा।

# नगर के मणीकंचन केन्द्र में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

नगर पंचायत पाण्डातराई में संचालित मणीकंचन केन्द्र में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका का शव लोगों ने शुक्रवार की सुबह देखा और तत्काल इसकी सूचना पाण्डातराई पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका का शव बरामद कर लिया है और मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।



हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि महिला ने किन हालातों और परिस्थियों में आत्महत्या जैसा घातक कदम उठाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह स्थानीय लोगों के उस समय होश उड़ गए जब उन्होने नगर के मणीकंचन केन्द्र के टीन सेड के नीचे एक महिला का शव रस्सी के सहारे फांसी के फंदे में झूलते देखा। लोगों ने इसकी जानकारी तत्काल पाण्डातराई पुलिस को दी। सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका का शव बरामद कर उसकी पहचान रजनी गेंदले पति पिल्लू गेंदले निवासी ग्राम टेडहाधवरा थाना फास्टरपुर जिला मुंगेली के रूप में की। बताया जाता है कि रजनी कुछ समय से अपने बच्चों की पढ़ाई लिखाई के चलते अपने पति और बच्चों के साथ नगर पंचायत पाण्डातराई में ही किराए के मकान में रह रही थी। लेकिन उसने आत्महत्या क्यों की इस बात का खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है। बहरहाल इस हादसे के बाद बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया है और मृतका के परिवार में शोक व्याप्त है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### विभाग ने जिले के लिए जारी की मेरिट सूची

**कवर्धा।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कवर्धा, कचहरीपारा कवर्धा, बोड़ला, सहसपुर लोहारा, पंडरिया, पोड़ी, चिल्फी एवं पिपरिया के लिए विभिन्न पदों पर संविदा भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। प्राप्त आवेदन का विवरण सूची जारी कर दावा आपत्ति मंगाया गया था। दावा आपत्ति का निराकरण उपरांत मेरिट सूची जारी किया जा रहा है। मेरिट सूची 1 अनुपात 10 में अभ्यर्थियों का समस्त आवश्यक मूल दस्तावेजो का सत्यापन किया जाना है। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के अभ्यर्थी को निर्धारित तिथि एवं समय पर दस्तावेज सत्यापन पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी विद्यालय सिंग्नल चौक कवर्धा में प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक सत्यापन के लिए उपस्थित होने कहा है।

### जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक 23 को

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपल वर्मा की अध्यक्षता में 23 सितंबर को निवेशको को प्रदत्त सुविधाओं तथा उद्योग स्थापना में आने वाली कठिनाईयों की समयबद्ध निराकरण के लिए जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक प्रस्तावित है। बैठक समय सीमा के बैठक पश्चात जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित होगा। बैठक में गठित समिति के सदस्य, कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स, चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, राईस मिल संघ, फ्लाई एश ब्रिक्स संघ, जिला गुड़ इकाई मालिक संघ, सर्व उद्योग स्वामी, निवेशक सम्मिलित होकर उद्योग स्थापना में आने वाली कठिनाईयों के समयबद्ध निराकरण व प्रदेश के औद्योगिक विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

# जागरूकता अभियान के तहत सूर्य रथ को किया गया रवाना

## पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने रथ किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई/कुकदुर

पंडरिया विधायक भावना बोहरा की अगुवाई में ग्राम कुई कुकदूर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार के लिए सूर्य रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो लोगों को योजना के लाभों के बारे में जानकारी देगा और सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। बिजली विभाग के मेजबानी में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संदर्भ में विस्तृत जानकारी देने के लिए कुकदूर में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता केके झा ने सौर संयंत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के साथ लगने वाले आवश्यक दस्तावेज जैसे बिजली बिल, पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, फार्म-16 या दो वर्ष का आयकर रिटर्न एवं वेंडर चयन प्रक्रिया की जानकारी दी। इस आयोजन में कार्यक्रम स्थल पर सौर संयंत्र के संचालकों द्वारा स्टॉल लगाकर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि अधिकाधिक संख्या में लोग इस अभियान से जुडें। गौरतलब है कि घर-घर रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित कर लोगों को प्रदूषण मुक्त, मुफ्त और निरंतर बिजली देने एवं प्रत्येक उपभोक्ता को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाकर उनके मासिक खर्चों में भी उल्लेखनीय कमी लाने का लक्ष्य रखा गया है। सौर ऊर्जा को सुलभ बनाने और हरित ऊर्जा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सरकार की मंशा है कि उपभोक्ताओं को बिजली बिल से राहत के लिए किसी शासकीय योजना पर आश्रित रहना न पड़े। वह स्वयं अपने छत पर रूफटाफ सोलर प्लांट लगाकर बिजली उत्पादन कर ऊर्जादाता बने। नेट मीटरिंग के माध्यम से वह बिजली बेच भी सकेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2027 तक देशभर में एक करोड़ रूफटाफ सोलर प्लांट लगाने का संकल्प रखा है। छत्तीसगढ़ में 2027 तक छह लाख घरो में सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य है। सोलर प्लांट लगाने के लिए राज्य सरकार ने उदारता दिखाते हुए उपभोक्ताओं के लिए भारी सब्सिडी की घोषणा की है। अब तीन किलोवाट तक एक लाख आठ हजार रुपए की सब्सिडी उपभोक्ताओं को मिलेगी। इस योजना में 1800 करोड़ रूपए खर्च होंगे। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आम जनमानस को रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने पर अधिकतम 1,08,000 रूपए तक की सब्सिडी दी जा रही है। इस योजना के तहत 1 किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट पर कुल 45,000 रूपए की वित्तीय सहायता दी जाती है। इसी प्रकार 2 किलोवाट प्लांट के लिए 90,000 रूपए तक कुल सब्सिडी मिलती है। 03 किलोवाट क्षमता के प्लांट पर कुल 1,08,000 रूपए की सहायता मिलती है। इस स्कीम के अन्तर्गत उपभोक्ता सोलर प्लांट का केवल 10 प्रतिशत डाउन पेमेंट देकर 6 प्रतिशत ब्याज दर से 90 प्रतिशत लागत राशि को अधिकतम 10 वर्ष के लिए फाइनेंस कर सकते है। सौर पैनलों के माध्यम से घरेलू उपयोग के लिए ऊर्जा उत्पन्न करने पर जोर देती है। इससे न केवल बिजली की कमी को दूर किया जा सकेगा, बल्कि पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सस्ती बिजली योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इस योजना के तहत सौर पैनल इस्टॉलेशन एवं मेंटनेंस के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा होंगें। योजना का एक अन्य लाभ है कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की पहुंच बढ़ाने में मदद करेगी, जिससे वहां की जीवनशैली में सधार होगा। सौर ऊर्जा का उपयोग न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि आर्थिक दृष्टिकोण से भी फायदेमंद है।

# कलेक्टर का औचक निरीक्षण, लापरवाह पटवारी सुरेश तारम तत्काल निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शुक्रवार को सहसपुर लोहारा एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व कार्यों की समीक्षा की और किसानों व ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। कलेक्टर ने कहा कि आमजनों से जुड़े राजस्व कार्यों में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय किसानों ने हल्का बाजार चारभाठा में पदस्थ पटवारी सुरेश तारम के विरुद्ध लगातार शिकायतें रखीं। किसानों ने बताया कि पटवारी न केवल अपने कार्यों में लापरवाही करता है, म साथ ही न्यायालयीन प्रतिवेदन लंबित रखने और किसानों के साथ अनुचित व्यवहार की भी शिकायतें सामने आईं। कलेक्टर ने इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही एसडीएम को पटवारी के विरुद्ध निलंबन आदेश जारी करने निर्देश दिए। आदेश के अनुसार, पटवारी सुरेश तारम, ह.नं. 37, रानिमं बाजार चारभाठा, तहसील सहसपुर लोहारा को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कानूनगो शाखा, तहसील कार्यालय सहसपुर लोहारा नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि राजस्व विभाग आमजनों से सीधा जुड़ा हुआ है, ऐसे में कार्यों में शिथिलता और लापरवाही को कदापि स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी पटवारियों और कर्मचारियों को सख्त चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर विनय पोयाम, डिप्टी कलेक्टर अरबी देवांगन, सहसपुर लोहारा एसडीएम, तहसीलदार, नायाब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# आदिवासी समाज ने बलिदान दिवस पर की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम चरखुरा कला में समस्त आदिवासी समाज द्वारा गुरुवार को क्रान्तिकारी योद्धा अमर बलिदानी महाराजा शंकर शाह मरावी एवं कुंवर रघुनाथ शाह मरावी का बलिदान दिवस मनाया गया। ग्राम चरखुरा में 18 सितम्बर 1857 गोंड़वाना गढ़ मंडला के क्रांतिकारी योद्धा अमर बलिदानी माहाराजा शांकारशाह मरावी एवं कुंवरशाह मरावी के 168 वां बलिदान दिवस के अवसर पर ग्राम के गौरा चौरा से रैली निकाल कर आदिवासी समाज के महिला, बच्चो व पुरुषो के द्वारा जयकारा लगाते भ्रमण किया गया तथा पेनठाना देवगुड़ी पूजा स्थल तक पहुंच कर पूजा अर्चना किया गया। तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रीफल चढ़ा कर नमन कर दोनों क्रांतिकारी योद्धा का जयकारा लगाया गया।



जिसमें गांव के प्रमुख नारी शक्ति (पूर्व सरपंच) राजकुमारी ध्रुव, अमरीका ध्रुवे, रामकुवर,, मन्कुवार, मनकी, मिथला, दुवासिया इंदरानी, सीमा बाई, रामकली बुगली बाई पूसाईया बाई, श्याम बाई सरिता, प्रमुख जलेश मार्को डोंगरिया कला गोंड़ समाज के प्रमुख अध्यक्ष, अशोक सिंग, टोप सिंग, सूरज ध्रुव, मनीराम ध्रुव, देवचरण ध्रुव, राजकुमार ध्रुव, रमेश, भगवानी, हजारु, बहोरिक विनोद, दुकल्हा रामकिसून रामजी गणेश, मंगल, मंगलू दिली रूपसिंह सहित अनेक लोग शामिल थे।

### एडवेंचर शिविर में शामिल हुए जिले के 50 स्काउट-गाइड, रोवर्स-रेंजर्स



**कवर्धा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय द्वारा महासमुंद जिला के जलकी (सिरपुर) में गत 15 से 18 सितम्बर 2025 तक, राज्य स्तरीय एडवेंचर हाईक व्यक्तित्व विकास एवं प्राकृतिक अध्ययन शिविर का आयोजन किया गया। जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी ने बताया कि रोवर स्काउट लीडर विजय कुमार साहू व गाइड कैप्टिन पुष्पांजलि तिवारी के नेतृत्व में जिले विभिन्न विद्यालयों से 50 प्रतिभागी जिसमे 20 स्काउट, 28 गाइड 05 रोवर, 03 रेंजर 01 रोवर स्काउट प्रभारी एवं 01 रेंजर गाइड प्रभारी शामिल हुए। प्रथम दिवस गार्डन नर्सरी में विभिन्न प्रकार की सब्जियों का बारीकी से अध्ययन किया द्वितीय दिवस साहसिक व जंगल एडवेंचर की गतिविधि में भाग लिया। तृतीय बोटिंग प्राकृतिक अध्ययन किया गया चतुर्थ दिवस सिरपुर के प्रसिद्ध प्राचीन लक्ष्मण मंदिर व संग्रहालय का भ्रमण कराया गया। एडवेंचर शिविर में शामिल हुये स्काउट गाइड रोवर रेंजर को जिला संघ अध्यक्ष शेखर बक्शी, उपाध्यक्ष अनिल दास गुप्ता, जिला मुख्य आयुक्त रुपेश जैन, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त एफआर वर्मा, सचिव नीलम यद्धु, ईशाक खान, जिला प्रशिक्षण आयुक्त सुजीत कुमार गुप्ता, संजू मिश्रा, जिला संगठन आयुक्त गाइड भगवती हठिले, रेंजर लीडर तामेश्वरी परते, सोनाली चंद्रवंशी, सहायक, सहायक रोवर लीडर प्रिय प्रकाश साहू सहित जिला संघ के पदाधिकारीयों ने शुभकामनाएं व्यक्त की।

**दो घंटे तक जाम रहा कवर्धा-बिलासपुर मार्ग, अधिकारियों के आश्वासन के बाद चक्काजाम समाप्त**

# पंडरिया कांग्रेस ने बिजली कटौती के खिलाफ किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया



अघोषित बिजली कटौती और बढ़े बिजली दर के विरोध में पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने 2 घंटे चक्का जाम किया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद जाम खोला गया। पंडरिया ब्लॉक के सभी प्रमुख मार्गो को पंडरिया कांग्रेस के द्वारा जाम किया। वनांचल में तो बहुत से गांव ऐसे हैं जहां 10 से 15 दिन लाइट बन्द रहना सामान्य बात हो गई। शिकायत का अधिकारियों पर कोई प्रभाव नही पड़ता है। वनांचल के बहुत से गांव लो-वोल्टेज की समस्या से परेशान है और ये भाजपा की सरकार झूठी वाहवाही लूटने का काम कर रही है। मुंगेली रोड, लोरमी रोड, कुकदूर रोड और कवर्धा रोड सभी जगह चक्का जाम किया गया था। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होरीराम साहू ने कहा कि लगातार शिकायत के बाद भी समस्या का निराकरण नही हो रहा है सिर्फ कोरा आश्वासन दिया जा रहा है। अगर समय रहते व्यवस्था नही सुधरी तो आने वाले समय जिला स्तरीय आंदोलन होगा जिसके जिम्मेदार प्रशासन की होगी। ब्लॉक अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार उद्योगपतियों की सरकार है। कांग्रेस की पांच साल की सरकार में सिर्फ 2 पैसा बिजली दर बढ़ा और इस भाजपा सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल में अब तक 80 पैसा बिजली दर बढ़ चुका है। बिजली की दर सिर्फ अडानी को फायदा पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। इस सरकार को किसान और आमजन से कोई मतलब नही है। ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा की लाइट बन्द होने पर अधीनस्थ कर्मचारी फोन नही उठाते हैं। समय से ट्रांसफार्मर नही बदला जा रहा है। किसान परेशान है पर इस सरकार को किसान की परेशानी से कोई मतलब नही है। नवीन जायसवाल ने कहा कि इस सरकार में ट्रांसफार्मर लगवाने के बाद श्रेय लेने की होड़ मची हुई है। एक गांव में ट्रांसफसर्मर लगता और उसका श्रेय भाजपा के तीन से चार नेता लेते हैं। किसान नेता रवि चंद्रवंशी ने कहा कि रात को घंटों बेवजह कटौती की जाती है। जिससे आमजनता परेशान है पर अधिकारियों को कोई मतलब नही है। लगातार शिकायत करने पर भी अधिकारी कोई बातचीत नही करते है और ट्रांसफार्मर पहले वही का बदला जाता है जो ऊंची पहुंच रखते हैं। इस चक्का जाम कार्यक्रम में जिला कांग्रेस महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी, जनपद सदस्य दिनेश कोसरिया, गुरूदत्त शर्मा, गौतम शर्मा, संजू तिवारी, अतुल बरगाह, शिव गायकवाड़, सुरेश चंद्राकर, राजकुमार अनंत, संतोष चंद्राकर, ललित धुर्वे, साधु कोठारी, सतीश कोठारी, वीरेंद्र चंद्राकर, मिश्रा कुर्रे, रामकुमार गायकवाड़, सुजीत गायकवाड़, राजकिरण ठाकुर, सुनील ठाकुर, दिलीप चंद्रवंशी ,नारद चंद्रवंशी, वैभव ठाकुर, सुजल ठाकुर, बल्लू यादव, तामस्कर यादव, फारुख खान, मनोज गायकवाड़, रवि मानिकपुरी, एडवर्ड मसीह, थलेश देवांगन, विकास देवांगन, रोहित बर्मन सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थें।

# जेम पोर्टल पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अंतर्गत बीडीएसपी से संपर्क एवं विभिन्न प्लेटफॉर्म पर डिजिटल मार्केटिंग एवं डिजिटल साक्षरता विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में 24 सितम्बर 2025 11:30 बजे से किया जाएगा।

कार्यशाला की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर जेम टीम रायपुर द्वारा जिला स्तरीय शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों को विभागीय निविदा प्रक्रिया के लिए जेम पोर्टल पर क्रेता के रूप में ऑनबोर्डिंग, निविदा दस्तावेज तैयार करने एवं प्रकाशित करने तथा निविदा खोलने की सम्पूर्ण प्रक्रिया पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाईयों को विक्रेता रूप में जेम पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया, उत्पाद कैटलॉग बनाने, निविदा हेतु आवेदन करने आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इस कार्यशाला में जिले के समस्त अधिकारी, कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स, चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, राईस मिल संघ, फ्लाई एश ब्रिक्स संघ, जिला गुड़ इकाई मालिक संघ, सर्व उद्योग स्वामी, निवेशक सहित संबंधित हितग्राहीगण को आमंत्रित किया गया है। सभी प्रतिभागियों से अनुरोध है कि वे कार्यशाला में सम्मिलित होकर जेम पोर्टल से संबंधित जानकारी प्राप्त कर अधिक से अधिक लाभान्वित हों।

### जिला जेल में आध्यात्मिक सत्संग भजन और ध्यान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा दो दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग भजन और ध्यान शिविर का कार्यक्रम जिला जेल कबीरधाम में 11 सितंबर एवं 12 सितंबर 2025 को किया गया। आध्यात्मिक सत्संग भजन और ध्यान शिविर में 275 बंदियों ने भाग लिया।

दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी अखिलेशानंद द्वारा सत्संग भजन किया गया। आध्यात्मिक सत्संग भजन और ध्यान शिविर का आयोजन जिला जेल अधीक्षक राजेन्द्र कुमार बजारे के अध्यक्षता में कार्यक्रम किया गया। बंदियों ने कार्यक्रम को बड़ी ही ध्यान पूर्वक सुना और कार्यक्रम को सराहा। सत्संग प्रवचनों को सुनकर 18 लोगों ने ज्ञान दीक्षा का नामांकन कराया अंत में नमन प्रार्थना से कार्यक्रम समापन किया गया।